बालाघाट रविवार 15 फरवरी 2026 फाल्गुन कृष्ण 14 विक्रम सम्वत 2082 वर्ष 16, अंक 143 { विश्वास वही रफ्तार नई } पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 7.00




पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक




/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### इंडिगो फ्लाइट में मिली बम की धमकी

मुंबई। कोलकाता से शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली है। टॉयलेट में संदिग्ध पर्चा मिलने पर यात्रियों को तुरंत उतारा गया और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाकर सुरक्षा जांच शुरू कर दी गई। शनिवार को कोलकाता से शिलांग जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी मिलने से अफरा-तफरी मच गई। यह फ्लाइट सुबह 9=15 बजे उड़ान भरने वाली थी। बोर्डिंग के दौरान क्रू मेंबर्स को विमान के टॉयलेट में एक पर्चा मिला, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर लागू किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया और एयरक्राफ्ट को आइसोलेशन बे में ले जाकर जांच शुरू कर दी गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डायरेक्टर के मुताबिक, बम की सूचना पर्चे के जरिए मिली। यात्रियों को तुरंत विमान से उतारा गया।

### एयरपोर्ट से 1.64 करोड़ का गांजा बरामद

अमृतसर। अमृतसर में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कस्टम विभाग को सफलता मिली है। कस्टम अमृतसर की टीम ने स्पॉट प्रोफाइलिंग और बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक यात्री के सामान से 1 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह यात्री बैंकॉक से फ्लाइट नंबर एसएल-214 के माध्यम से श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ, जिसके बाद सामान की गहन जांच की गई। जांच में बैग के अंदर छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। कस्टम अधिकारियों ने तुरंत आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### यूपी में नहीं होंगे पंचायत चुनाव!

लखनऊ। उत्तर प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अब अगले साल तक के लिए टल सकते हैं। माना जा रहा है कि राज्य में ओबीसी आयोग गठन न होने और आरक्षण प्रक्रिया अधूरी रहने के कारण पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के कयास लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को देखकर कयास लगाए जा रहे थे कि आगामी कुछ महीनों में चुनाव करा दिए जाएंगे। लेकिन फिलहाल प्रक्रिया पर ब्रेक लगता दिख रहा है। उम्मीदवारों और स्थानीय नेताओं में असमंजस की स्थिति है। वहीं देरी की मुख्य वजह पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन को माना जा रहा है। आयोग का कार्यकाल अक्टूबर 2025 में खत्म हो चुका है। नियमानुसार हर 3 साल में इसका पुनर्गठन अनिवार्य है। आरक्षण निर्धारण इसी आयोग की रिपोर्ट पर आधारित होता है।

## कुछ ना कहना




### इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर उतरे पीएम मोदी

# चीन को सीधा संदेश; सीमा के पास उतरा पीएम मोदी का विमान

गुवाहाटी। एजेंसी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी राज्य असम के दौरे पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने गुवाहाटी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला किया था। उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस इसतरह के लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या भारत तेरे टुकड़े हो के नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। कांग्रेस पर हमलावार पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय में 3जी और 4जी टेक्नोलॉजी आई टूजी घोटाले आए, लेकिन असम नार्थ ईस्ट तक उन तकनीकों को तेजी से पहुंचाने के लिए कांग्रेस ने मेहनत नहीं की। जब हम 5जी टेक्नोलॉजी लाए, तब इस 5 जी तकनीक को पूरे असम में नार्थ ईस्ट में गांव गांव तक पहुंचाने के लिए काम किया। असम में डेटा सेंटर की भी शुरुआत हुई है, इससे युवाओं को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक एम्स के विस्तार पर ध्यान नहीं दिया। 2014 में देश में 6 एम्स थे आज देश में 20 से ज्यादा एम्स हैं। गुवाहटी के अलावा असम में कई मेडिकल कॉलेज खोले गए, इतना ही नहीं शुक्रवार को ही पीएम राहत योजना को मंजूरी दी। दुर्घटना में घायल होने पर 1.50 लाख तक का इलाज केंद्र मुफ्त में कराएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या युवाओं की है।**



उन्होंने कहा कि देश में जब मैनेजमेंट और उच्च शिक्षा की बात होती थी, तब असम और नार्थ ईस्ट के बच्चों को बाहर जाना पड़ता था। आज आईआईआईएम गुवाहटी का उद्घाटन हुआ आईआईटी भी तैयार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति, वोट बैंक की नीति, कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के चश्मे से देखा। कांग्रेस के समय केंद्र की योजनाओं को असम तक पहुंचने में कई साल लग जाते थे। भाजपा ने नार्थ ईस्ट के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी।

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई, तब उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई, तब असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपल वंदे भारत भी असम से शुरू हुई सेमीकंडक्टर प्लांट भी असम में बन रहा है। असम की चाय की तरह असम में बनी चिप्स की पूरी दुनिया में चर्चा होगा। चाय से लेकर चिप्स तक असम की विकास यात्रा दिखाई देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम का ये प्यार मैं कैसे भूल सकता हूं। मैं असम से वादा करता हूं, आपने मुझे जो प्यार दिया मैं उस प्यार को ब्याज सहित विकास करके लौटाऊंगा।

इसके पहले पीएम मोदी चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। पीएम मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किलोमीटर दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई सहित 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम मोदी ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है। असम में इसी साल विधानसभा चुनाव है। राज्य में 2016 से लगातार दो बार एनडीए की सरकार बनी है। इससे पहले 2001-2016 तक कांग्रेस की सरकार थी।

## भारत-पाक महामुकाबला आज

# विवादों के यू-टर्न के बाद अब मैदान पर असली जंग

कोलंबो । एजेंसी।

क्रिकेट और सियासत के घालमेल से पैदा हुए गतिरोध के अस्थायी समाधान के बाद आखिरकार टी20 विश्व कप 2026 का सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला आज होने जा रहा है, जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। पाकिस्तान ने पहले मैच के बहिष्कार का फैसला लिया था, लेकिन बाद में अचानक यू-टर्न लेकर आर. प्रेमदासा स्टेडियम में मुकाबला खेलने पर सहमति दे दी। इस निर्णय के पीछे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, श्रीलंका क्रिकेट और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की कई दौर की बातचीत रही, क्योंकि दक्षिण एशिया ही नहीं, बल्कि पूरे क्रिकेट जगत की निगाहें इस मुकाबले पर टिकी हैं। प्रसारक, प्रायोजक और दुनिया भर के दर्शक इस मैच को टूर्नामेंट की सबसे बड़ी धड़कन मानते हैं।




विवाद की शुरुआत तब हुई जब बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द कर दिया गया। बांग्लादेश के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच न खेलने की घोषणा कर दी थी। हालांकि खिलाड़ियों ने इसे 卐सिर्फ एक मैच卐 बताकर हाइप कम करने की कोशिश की, मगर भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता ऐसी है कि हार किसी भी टीम को मंजूर नहीं क्योंकि उसके बाद प्रशंसकों की प्रतिक्रिया भी उतनी ही तीखी होती है।

भारतीय टीम की चिंता सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की उपलब्धता है, जो पेट संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती रहे और नामीबिया मैच में नहीं खेले। उनके नहीं खेलने पर संजू सैमसन को उतारने या फिर ईशान किशन के साथ वॉशिंगटन सुंदर को ओपनिंग में भेजने का विकल्प है, जो न केवल फिट हो चुके हैं, बल्कि प्रेमदासा की धीमी पिच पर उपयोगी स्पिनर भी साबित हो सकते हैं। इसके अलावा पिच को देखते हुए कुलदीप यादव को शामिल किया जा सकता है खासकर बाबर आज़म के खिलाफ उनके सफल रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है।

## केंद्रीय कैबिनेट ने देश की पहली अंडरवॉटर रेल-रोड टनल को मंजूरी दी

नई दिल्ली। भारत में अब नदी के नीचे रेल और गाड़ियां दौड़ने का रास्ता साफ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट ने असम में ऐतिहासिक प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली रोड और रेल सुरंग का निर्माण किया जाएगा। ये भारत की पहली और दुनिया की दूसरी ऐसी टनल होगी, जहां सड़क और रेल मार्ग एक साथ पानी के नीचे से गुजरेंगे। असम के गोहपुर-नुमालीगढ़ के बीच 15 ।8 किलोमीटर लम्बी यह 4 लेन की टनल 18,662 करोड़ की लगत से करीब 5 साल में बनेगी। नेशनल हाइवे-715 पर स्थित नुमालीगढ़ और एनएच-15 पर गोहपुर के बीच की दूरी अभी लगभग 240 किलोमीटर है। इस दूरी को तय करने में सिलीघाट के पास कालियाभंभोरा सड़क पुल के रास्ते से करीब 6 घंटे लगते हैं। इस रास्ते से वाहनों को काजीरंगा नेशनल पार्क और विश्वनाथ शहर से होकर गुजरना पड़ता है। नए प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली 15 ।79 किमी लंबी सुरंग से ये सफर न सिर्फ छोटा हो जाएगा बल्कि समय की भी बचत होगी।

# किसी ने बाबरी मस्जिद बनाने की कोशिश की तो उसे रौंद दिया जाएगा - भाजपा

कोलकाता। एजेंसी।

बंगाल में हुमायूं कबीर की ओर से बाबरी मस्जिद बनाने पर सियासत जारी है. बीजेपी ने हुमायूं कबीर को चेतावनी दी है. पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष और सांसद समीक भट्टाचार्य ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ किसी ने बाबरी मस्जिद बनाने की कोशिश की तो उसे रौंद दिया जाएगा. हम देश में बाबर के नाम पर फिर कोई मस्जिद बनने नहीं देंगे.

मुर्शिदाबाद में विवादित बाबरी मस्जिद निर्माण शुरू होने के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के निलंबित और विवादित विधायक हुमायूं कबीर यात्रा निकलने की तैयारी कर रहे हैं. बीजेपी ने इस पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया है कि हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस का प्लान क्ष्हैं.

समीक भट्टाचार्य ने कहा कि हुमायूं कबीर ही तृणमूल कांग्रेस हैं और तृणमूल कांग्रेस ही हुमायूं कबीर है. हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड करना सिर्फ एक दिखावा था. यह ममता बनर्जी की ध्रुवीकरण की राजनीति का हिस्सा है.

बीजेपी का आरोप है कि पश्चिम बंगाल देश का अकेला राज्य है जहां रोहिंग्या मुसलमान वेलकम



गेस्ट हैं और चुनावों से पहले ध्रुवीकरण की राजनीति के तहत ऐसे घुसपैठियों को बचाने के लिए ममता बनर्जी काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी थीं.

झारखण्ड बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा था, हुमायूँ कबीर और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलु हैं. ममता बनर्जी के कहने पर ही हुमायूं कबीर बाबरी मस्जिद बना रहा है. अगर पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार म ?बूत रहती, तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती तो ऐसे लोगों को जेल के अंदर भेज देती. लेकिन सरकार ढीली-ढाली है, दोनों मिलजुलकर षड्यंत्र रह रहे हैं, हिंदी और सनातन भावनाओं को कम ?ोर करने की कोशिश कर रहे हैं.

बीजेपी का आरोप है कि ममता बनर्जी हुमायूं कबीर के साथ मिलकर हिन्दू समाज को तो ?ने की कोशिश कर रही हैं. बंगाल की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं और इस विवाद की वजह से भारतीयता भी कमजोर हो रही है.

## भारत ने एआई इम्पैक्ट समिट के लिए पाकिस्तान को नहीं दिया न्योता

नई दिल्ली। भारत 16 से 20 फरवरी 2026 तक एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। इस ग्लोबल समिट में 100 से अधिक देश शामिल हो रहे हैं, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पॉलिसी, इनोवेशन, एथिक्स, सिक्योरिटी और ग्लोबल कोऑपरेशन जैसे अहम विषयों पर मंथन होगा। हालांकि, इस बहुप्रतीक्षित समिट के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया गया है, जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा शुरू हो गई है। यह सम्मेलन तीन मूलभूत सूत्रों- पीपुल (लोग), प्लेनेट (पृथ्वी) और प्रोग्रेस (प्रगति पर आधारित है।

सूत्रों के अनुसार, समिट में भाग लेने वाले देशों का चयन रणनीतिक और नीतिगत मानकों के आधार पर किया गया है। भारत का जोर उन देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर है जो जिम्मेदार, सुरक्षित और मानव-केंद्रित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकसित करने के साझा दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। यह समिट तकनीक के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों- जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास के समाधान खोजने पर केंद्रित रहेगा।

## जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें-सीजेआई

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं। उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोडने् के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढने् में सक्षम होते हैं।



सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। उन्होंने कहा कि विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है जो दुनिया के साथ बदलता है।

## भारत पहुंच रहे दुनिया भर के प्रमुख कंपनी के सीईओ........पिचई, सैम अल्टमैन और डारियो अमोडेई ?

नई दिल्ली। भारत में इस बार दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण एआई सम्मेलन होने वाला है। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 जो अगले हफ्ते शुरू होने वाला है। ये इवेंट 16 से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। इसका आयोजन भारत मंडपम में होगा।

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 100 से ज्यादा देशों के डेलिगेशन के हिस्सा ले रहे है। इसमें 15 से 20 सरकारों के प्रमुख, 50 से ज्यादा मंत्री और 50 से ज्यादा दुनिया भर की प्रमुख कंपनी के सीईओ शामिल हो रहे है। इसमें भारतीय कंपनियों के प्रमुख भी शामिल हो रहे है।

समिट में एआई इकोसिस्टम से जुड़े करीब 500 प्रमुख व्यक्ति भी शामिल हो सकते है। इसमें इनोवेटर्स, रिसर्चर और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर शामिल हैं। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में शामिल हो रहे चर्चित नामों में गूगल सीईओ सुंदर पिचाई से लेकर एंथ्रॉपिक के डारियो अमोडेई तक इस समिट में शामिल होने भारत पहुंच रहे है। भारत इस बार एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में ना सिर्फ टेक और एआई सेक्टर के दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं। बल्कि 20 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति भी शामिल हो रहे है।

भारत में हो रही एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल सीईओ सुंदर पिचाई, डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, ओपन एआई सीईओ सैम अल्टमैन, एंथ्रॉपिक के सीईओ डारियो अमोडेई, एनवीडिया सीईओ जेन्सेन हुआंग, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ, मेटा के चीफ एआई साइंटिस्ट यान लेकुन, क्वालकॉम सीईओ क्रिस्टियानो एमोन और कई नाम शामिल है।

## राहुल गांधी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं - अमित शाह

पुडुचेरी। एक दिवसीय दौरे पर पुडुचेरी पहुंचे अमित शाह ने कराईकल के संथाई थिदल में एक रैली में भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कहा कि राहुल गांधी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा, आज मैं इस मंच से राहुल गांधी को जवाब देना चाहता हूं - राहुल जी, ट्रेड डील और एफटीए की बारीकियों को ध्यान से देखिए। मोदी जी ने देश के किसानों और पशुपालकों को 100त्न प्रोटेक्शन देने का काम किया है। इस एफटीए और ट्रेड डील से हमारे किसानों का कोई नुकसान नहीं होने वाला है। नुकसान आपके मनमोहन सिंह जी की सरकार के समय किसानों का हुआ था। कई ऐसे वैश्विक समझौते किए गए, जिनमें किसानों के हितों को बेच दिया गया था। मोदी जी ने किसानों, पशुपालन करने वाले बहनों-भाइयों और मछुआरों का शत-प्रतिशत प्रोटेक्शन करने का काम किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, राहुल गांधी जी की नीति है - झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो और बार-बार बोलो। मगर राहुल गांधी, इस देश की जनता आपकी झूठ मैन्युफैक्चरिंग की फैक्ट्री को पहचान गई है और मैं एक बार फिर से कहता हूं - 2029 में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनने वाली है, आपकी बारी नहीं आने वाली है।

### कई राज्यों में चुनाव से पहले आक्रामक दिख रहे राहुल गांधी

## संसद से सड़क तक मोदी सरकार को घेरने की तैयारी

नई दिल्ली। बजट सत्र 2026 के पहले चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े चेहरे के रूप में उभरे। उन्होंने सदन में करीब 50 मिनट तक प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए सरकार की नीतियों पर बिना रुके हमला बोला। राहुल की इस नई और आक्रामक शैली ने न केवल कांग्रेस सांसदों में जोश हाई है, बल्कि विपक्षी गुट (इंडिया ब्लॉक) को भी एकजुट करने का काम कर दिया है।

उनके आक्रामक रुख और मोदी सरकार को असहज करने की क्षमता से कांग्रेस सांसद खुश दिख रहे है। वे अपने नेता के पीछे एकजुट दिखे, निलंबन झेला, धरने दिए, नारे लगाए और विपक्षी दलों से तालमेल बढ़ाया, ताकि पार्टी नेतृत्व के लिए 'फोर्स मल्टीप्लायर' की भूमिका निभा सकें।

एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर राहुल गांधी संसद के बाहर भी इसी फॉर्म में रहे, तब कांग्रेस पार्टी की स्थिति बेहतर हो सकती है, लेकिन दुर्भाग्य से अतीत में ऐसा नहीं हुआ।

राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में आकर इंडो-यूएस समझौते पर घुटने टेक दिए हैं। राहुल गांधी ने विरोध स्वरूप सांसदों को सुझाव दिया कि प्रदर्शन के दौरान गौतम अडानी, ट्रंप और नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाले पोस्टर लगाए जाएं, ताकि यह स्थापित किया जा सके कि केंद्र सरकार की कॉर्पोरेट के साथ सांठगांठ है।

वहीं शुक्रवार को राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ अहम बैठक की। हालांकि इसमें से कई कांग्रेस के किसान विंग से जुड़े थे, लेकिन इसका संदेश साफ था- राहुल खुद को किसान समर्थक और सरकार को किसान विरोधी के रूप में दिखाना चाहते है। उनका लक्ष्य कृषि संकट को एक बड़े चुनावी मुद्दे में बदलना है। कांग्रेस ने एप्स्टीन फाइल्स विवाद को भी राजनीतिक हथियार बनाने की तैयारी कर ली है।

## पूर्व कांग्रेस नेता त्रिपाठी का दावा-झारखंड में बीजेपी के साथ सरकार बना सकते हैं हेंमत सोरेन

रांची। झारखंड में नगर निकाय चुनाव के बाद राज्य में बड़ा राजनीतिक बदलाव होने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का दावा है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) अब भाजपा-एनडीए के साथ मिलकर सरकार बना सकती है। कांग्रेस नेता त्रिपाठी ने कहा कि निकाय चुनाव के 15-20 दिन बाद यह स्पष्ट हो जाएगा। उनका कहना है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी डील को हरी झंडी दे दी है।

कांग्रेस नेता त्रिपाठी ने बताया कि जेएमएम हमेशा से भाजपा से संपर्क में रही है और कमजोर पड़ने पर कांग्रेस के साथ मिलकर सत्ता में आती रही है। पहले जेएमएम ने अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, फिर कांग्रेस के साथ आई और सत्ता मजबूत होने पर कांग्रेस छोड़ दी। अब सत्ता की ताकत में खुद को मजबूत करने के बाद जेएमएम फिर से भाजपा के साथ जा सकती है। त्रिपाठी पहले डालटनगंज के विधायक रहे हैं। इस बार मेदनीनगर नगर निगम चुनाव में उनकी बेटी नम्रता त्रिपाठी मेयर पद की उम्मीदवार हैं। वहीं, जेएमएम की ओर से पूनम सिंह को समर्थन दिया गया है। इस कारण त्रिपाठी जेएमएम से नाराज हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा सरकार की कार्यप्रणाली पर लगातार निशाना साध रहे हैं। हालांकि निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहा है, लेकिन सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों को समर्थन दे रहे हैं।

# आज मनाई जायेगी शिव आराधना का पर्व महाशिवरात्रि



## महाशिवरात्रि पर बालाघाट में उमड़ेगी आस्था का सैलाब, जागपुर घाट और शंकर घाट पर विशेष व्यवस्था,

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभी प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालु रात्रि जागरण, अभिषेक और विशेष पूजन में भाग लेंगे। शहर में विशेष रूप से शंकर घाट स्थित शिव मंदिर तथा जागपुर घाट के महामृत्युंजय घाट पर स्थित भगवान शंकर मंदिर में प्रात:काल से ही पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हो जाता है। 14 फरवरी को शहर के विभिन्न वार्डों से शिव बारात निकालने और शिवलिंगों को मंदिरों तक ले जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भक्तिमय वातावरण में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।





जिले में बीते कई वर्षों से महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है। विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं तथा स्थानीय समितियां अपने-अपने स्तर पर शिवालयों और मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करती हैं। अनेक श्रद्धालु मंदिर परिसरों में महाप्रसाद, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन भी करते हैं। शहर में विशेष रूप से जागपुर घाट और शंकर घाट आस्था के प्रमुख केंद्र बने रहते हैं। जागपुर घाट में वर्षों से परंपरा अनुसार प्रात: 4 बजे से ही पूजा-पाठ और यज्ञ का शुभारंभ हो जाता है। वहीं शंकर घाट में भी सुबह से श्रद्धालु अपने-अपने घरों से गंगाजल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करने मंदिर पहुंचते हैं। दोनों घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं, जो देर शाम तक जारी रहती हैं। सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुबह से ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दिया जाता है। इस वर्ष यातायात पुलिस ने संभावित जाम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोनों घाटों पर अलग से पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसकी एडवाइजरी भी यातायात विभाग द्वारा एक दिन पूर्व ही जारी कर दी गई थी, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### वार्डों से निकली शिव बारात, भक्ति में झूमा शहर

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष शिव बारातों का आयोजन किया गया। अलग-अलग वार्डों से श्रद्धालु अपने स्तर पर शोभायात्राएं निकालते हैं। भटेरा, बूढी सहित विभिन्न वार्डों से शिव बारात निकाली गई, जिसमें भगवान शिव की आकृति से सजे रथ, शिवलिंग की झांकियां और आकर्षक सजावट देखने को मिली। डीजे की धुन पर झूमते-गाते श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारों के साथ वार्डों से निकलकर शंकर घाट की ओर बढ़ते रहे। यह सिलसिला 14 फरवरी की शाम से प्रारंभ होकर देर रात तक जारी रहा।

### काली पाठ से निकली शिव-पार्वती की बारात

बीते कुछ वर्षों से भटेरा क्षेत्र से भगवान शंकर की विशेष बारात निकाले जाने की परंपरा रही है। श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए काली पाठ स्थित मां काली मंदिर पहुंचते हैं। इसके बाद वहां से माता पार्वती और भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली जाती है, जो देर रात तक शंकर घाट पहुंचती है। इस दौरान समिति के सदस्य और श्रद्धालु विशेष वेशभूषा में शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आकर्षक बन गया। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत कर पुष्प वर्षा भी की।

# शिव परिवार एवं नवग्रह, शनि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का कलश शोभायात्रा निकालकर दिया आमंत्रण

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे नव निर्मित किरणेश्वर शिव मंदिर धाम में परमपूज्य श्री 1008 श्री किरनाई माता जी की असीम अनुकम्पा से भगवान श्री भोलेनाथ, संकटमोचन श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री शनि देव जी के साथ नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा की जा रही हैं। इस अवसर पर शनिवार को श्री गणेश पूजन पंचांग पीठ पीठ पूजन एवं जलाधिवास कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा ग्राम मे भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर समस्त ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया। तथा 15फरवरी को पीठ पूजन एवं विविध अधिवास, अग्नि स्थापना,16 फरवरी को घृताधिवास, बिल्वपत्राधिवास, धूपधिवास एवं निरंतर पूजन पाठ,17 फरवरी को सहस्त्रधारा स्नान, भव्य नगर भ्रमण एवं शयनाधिवास एवं 18 फरवरी को सम्पूर्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा,महाहवन, पूर्णाहुति कर भंडारा आयोजित कर महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।14 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित इन समस्त कार्यक्रमों के अनुष्ठान आचार्य श्री महेश प्रसाद मिश्रा उत्तरप्रदेश, मनीष प्रसाद मिश्रा, एवं राजेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा सम्पन्न कराए जाएंगे। कलश शोभायात्रा नगर भ्रमण के दौरान डीजे की धुनों पर नाचते हुए युवाओं द्वारा बम बम भोले, ओम नम: शिवाय के जयघोष लगाते हुए ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर किरणेश्वर शिव मंदिर धाम में रैली का समापन कर अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों से उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने की अपील अध्यक्ष अशोक जांगड़े, उपाध्यक्ष संतोष सिल्हारे, सचिव राहुल सारंगपुरे, कोषाध्यक्ष बी आर राउत, संरक्षक गौरी राकेश उपवंशी, सदस्य अमित असाटी, रतनलाल गट्टानी, मंगल रहेकवार, राजेन्द्र श्रीवास्तव, डी.डी.मेश्राम, डीकाराम खुश्यालराम बहेकार, संजू पांचे, गोपी अग्रवाल, सुमित रहेकवार, अजय मर्सकोले, लाला सोनी, राजेश सिल्हारे, बेनी अग्रवाल, अंकुश पचभैया, नरेन्द्र अग्रवाल, मोनू तारन, राजेन्द्र बर्वे, उमेश राकड़े, राकेश यादव, पराग मोदी, आशीष सोनी, डी.डी. मेश्राम, कंचन लिल्हारे, बलिराम बर्वे, नन्दु पांचे, दीपक माने, पवन अग्रवाल, नन्दु राखड़े, मेघवेन्द्र शुक्ला, खुमेश नेवारे, नरेन्द्र मेश्राम, आशिष मेश्राम, विजय मानदाता, विष्णु ट्रेडर्स, शिवचरण अग्रवाल, थानसिंह बोपचे, अरूण पाराशर, लखन यादव, सिम्पी ताजर, अतुल अर्जुनवार, अंकित सारडा, एम.आर. बागड़े, गणपत भैया, नितीन मिश्रा, रोजश



किसान, गुल्लु पटेल, अखिलेश राणा, पप्पू नेवारे, सहकारी मर्या. संस्था के समस्त कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासीयो द्वारा की गई हैं।

### जय नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर लगेगा भव्य मेला

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अकोला के पुसिया पैताल देव स्थान पहाड़ी चौक ग्राम अकोला किरनापुर मे महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य मेले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आज 15 फरवरी दिन रविवार को शिवलिंग महारुद्राभिषेक कर हवन पूजन उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा। तथा 16 फरवरी दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे से संगीतमय भजन, दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वही शाम 6 बजे से सुप्रसिद्ध विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक सम्राट सिंह सरस्वार, अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट, अशोक सिंह सरस्वार पूर्व विधायक, विजय सिंह सरस्वार, विनय सिंह सरस्वृार एवं समस्त अकोला के ग्रामवासियों ने क्षेत्रवासियों से आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की है।

# निर्माण कार्य प्रांरभ होने के पहले सूचना बोर्ड नही लगाये जाने से आम जनता में आक्रोश

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/रामपायली।** रामपायली नगर में सांस्कृतिक मंत्रालय मध्य प्रदेश शासन के द्वारा करोड़ों रुपए आवंटित किए गए हैं और जिसके चलते निर्माण कार्य प्रारंभ है। आरएसएस प्रमुख डॉक्टर बलिराम हेडगेवार की कर्मभूमि के ऐवज में नगर में जहां.तहां निर्माण कार्य प्रारंभ है, इन निर्माण कार्य में कुछ हो गए हैं तो कुछ हो रहे हैं। लेकिन सभी निर्माण कार्य लाखों की लागत से अधिक होते हुए भी नगर का कोई भी आदमी यह नहीं बता पा रहा है कि कहां क्या बन रहा है। क्योंकि शासकीय निर्माण कार्यों के निर्माण होने के पूर्व सूचना बोर्ड लगाने का नियम बताया जाता है । जिस पर कार्य की अवधि लागत और निर्माण का उद्देश्य लेकिन हो रहे करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों में कहीं भी सूचना बोर्ड को निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा नहीं लगाया गया है। जिसके कारण नगर के प्रत्येक नागरिक इस विषय को लेकर आसंकित है कि आखिर उनके अपने नगर में निर्माण तो हो रहा है लेकिन किसके लिए कहां कैसा यह बताना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहा है। नगर वासियों ने बताया कि नगर के विकास के लिए सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा किए जा रहे कार्यों का होना स्वागत योग्य है । किंतु निर्माण किया जा रहे हैं उस निर्माण कार्यों का उल्लेख भी आम जनों के सामने स्पष्ट होना लाजमी है। ऐसा नही होकर केवल गुपचुप तरीके से कार्य किया जाना किसी बड़ी मिली भगत को संकेत करता है। जिला प्रशासन के देखरेख में चल रहे हैं इस कार्य में अधिकारियों का आना जाना और देखरेख करना सदैव देखा जा सकता है। किंतु अधिकारियों के द्वारा भी सूचना बोर्ड ठेकेदार को लगाए जाने के लिए अब तक क्यों नहीं बोला गया यह समझ से परे है । ग्रामीणों ने बताया कि आम जनता को यह ज्ञात होना चाहिए कि कौन सा निर्माण कहां किस लिए कितनी लागत का और कितने अवधि में निर्माण होने की सूचना बोर्ड होना आवश्यक है लेकिन ऐसा नही हो रहा है।



# कायदी के चार चयनित युवक ट्रेनिंग के लिए हुए रवाना

## ग्राम में ढोल शहनाई से रैली निकाल बस स्टैंड पहुंचाया

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी निवासी चार युवकों को हर्ष उल्लास के साथ ट्रेनिंग के लिए विदाई दी गई। इसमें ढोल शहनाई के साथ रैली निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया। तो वहीं मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से चारों युवकों को ग्रामीणों के द्वारा बस स्टैंड लाकर छोड़ा गया। जहां से वह अपनी ज्वाइनिंग और ट्रेनिंग के लिए यात्री वाहन के माध्यम से रवाना हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के द्वारा पैरामिलिट्री फफोर्सेस की बंपर भर्ती करवाई गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं के द्वारा भाग लेकर परीक्षा दी गई थी तो वही कड़ी मेहनत करने के बाद शारीरिक दक्षता भी दी गई थी। जिसका फइनल रिजल्ट बीते दिनों प्रकाशित हुआ जिसमें नगर सहित क्षेत्र के कई युवाओं को पैरामिलिट्री फोर्स में बीएसएफसी आरपीएफ सी आईएसएफ में चयन हुआ है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हर उल्लास बना हुआ है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कायदी के चार युवक विद्यासागर खैरवार, राकेश कावरे, रीतिक शरणागत, धर्मेन्द्र ठाकरेले का केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा फोर्स यानी सीआईएसफ में चयन हुआ था। जिन्हें ट्रेनिंग के लिए राजस्थान के देवरी में ज्वाइन करने के लिए लेटर जारी हुआ था। जिस पर निर्धारित समय में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए चयनित चारों युवा नगर के बस स्टैंड में यात्री वाहन में सवार होकर रवाना हो गए। इस दौरान कायदी में चारों चयनित युवाओं के घर में ग्रामीणों के द्वारा पुष्पमाला पहनकर उनका सम्मान किया गया तत्पश्चात ढोल शहनाई के माध्यम से रैली निकाली गई। यह रैली ग्राम के विभिन्न चौक चौराहों और गलियों का भ्रमण करते हुए ग्राम के बाहर पहुंची। जहां मोटरसाइकिल रैली निकालकर ग्रामीण नगर के बस स्टैंड पहुंचे। जहां चारों युवाओं को यात्री वाहन में बैठाल कर रवाना किया गया । इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम जैसे उद्घोष गुंजयमान होते रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।



# मन की शुध्दि और ईश्वरीय प्रेम पाने का सबसे अच्छा साधन है हरिनाम संकीर्तन-प्रदीप जायसवाल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम जागपुर में श्री गोपाल आश्रम विट्ठल रूखमणी सिद्धपीठ पावन धाम में संत समागम हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने श्याम साधक महाराज को नमन कर सत्संग के प्रत्यक्ष लाभ बतायें। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने विट्ठल रूखमणी मंदिर में आर्शीवाद प्राप्त कर कहा की कलयुग में आध्यात्मिक उत्थान, मन की शुद्वि और ईश्वरीय प्रेम पाने का सबसे साधन हरिनाम संकीर्तन ही है। इससे पाप नष्ट होते है और समाज में एकता व शांति स्थापित होती है। जिस तरह मोबाईल को उसकी सीम संचालित करती है उसी तरह हमारे शरीर को हमारी आत्मा संचालित करती है। और संकीर्तन के समय यही आत्मा सीधे तौर पर ईश्वर से जुडकर हमारा मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर ग्रामीणजनो ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को अवगत की तत्काल उन्होंने हाइवे से ग्राम तक सर्विस सड़क स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर जल्द उक्त सड़क निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त किया। इस दौरान कन्हैयालाल नगपुरे, पीतम बिसेन, चिरौंजी पारधी,संदीप मिश्रा,पप्पू हरिनखेड़े, संतोष खरोले,संजय चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं नगर के वार्ड ५ बस स्टैंड के पीछे सार्वजनिक अर्धनारीश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल शामिल होकर जयकारे लगाकर भोलेबाबा की स्तुती की। इस अवसर पर श्रीमती मधू जायसवाल, सोनू जायसवाल, संदीप मिश्रा सहित वार्ड वासी मौजूद रहे।



**सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती**
योग्यता 10 वी 12वीं पास
सैलरी 15 से 20 हजार रूपए,
पीएफ ईएसआईसी लीव सैलेरी बोनस की सुविधा
सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी)
संपर्क-7030497666, 9766188388

**आवश्यकता है**
होटल कान्हा इन बालाघाट
होटल में काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
मो. 9993282223

**आवश्यकता है**
चौकीदार की आवश्यकता है
वारासिवनी रोड गर्रा
मो. 9827928404

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मोहगांव स्वास्थ्य केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

#### अनुपस्थित मिले डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा 13 फरवरी शुक्रवार को बिरसा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर संबंधित डॉक्टर के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. उपलप ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था, ओपीडी संचालन, दवा वितरण प्रणाली एवं विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टॉफ की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। डॉ. उपलप ने उपस्थित स्टॉफ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ उपलप ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ऑटो स्टैंड की जगह बदलने पर बिफरीं विधायक अनुभा मुंजारे, बोलीं ऑटो चालकों पर दबाव न बनायें

### ऑटो स्टैंड को यथावत रखने के अफसरों को दिये निर्देश

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शहर के बस स्टैंड के विस्तार और सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर पालिका ने ऑटो स्टैंड को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया था , किन्तु इस निर्णय से असंतुष्ट ऑटो चालकों ने इसकी शिकायत बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से की। ऑटो चालकों का कहना है कि अचानक स्थानांतरण से उनके रोज़गार पर प्रभाव पड़ रहा है और यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक अनुभा मुंजारे ने जिला प्रशासन और नगर पालिका के इस निर्णय पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिना उचित वैकल्पिक व्यवस्था और संबंधित पक्षों से चर्चा किए इस प्रकार का कदम उठाना उचित नहीं है। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऑटो स्टैंड को पूर्ववत स्थान पर ही रखा जाए तथा ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे बस स्टैंड के विस्तार और ऑटो चालकों के हित दोनों सुरक्षित रह सकें।**



बीते कुछ दिनों से नगर पालिका और जिला प्रशासन द्वारा शहर के बस स्टैंड को मॉडल बस स्टैंड की तर्ज पर विकसित एवं व्यवस्थित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि पूर्व में बनाई गई व्यवस्थाएं अधिक समय तक टिकती नजर नहीं आईं। इसी क्रम में 14 फरवरी की सुबह नगर पालिका और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्थानीय बस स्टैंड में संचालित ऑटो स्टैंड को स्थानांतरित करने की पहल की। ऑटो चालकों को न्यायालय परिसर के बाजू में स्थित खाली भूमि पर नया ऑटो स्टैंड संचालित करने के निर्देश दिए गए। लेकिन ऑटो चालकों ने इस नई व्यवस्था पर असहमति जताई और कहा कि प्रस्तावित स्थान उनके लिए उपयुक्त नहीं है। मामले को लेकर ऑटो चालक बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के पास पहुंचे। शिकायत मिलने पर विधायक अनुभा मुंजारे 14 फरवरी को शाम लगभग 5 बजे स्वयं बस स्टैंड पहुंचीं और ऑटो संचालकों से चर्चा की। मीडिया से बातचीत में विधायक ने नगर पालिका और प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऑटो स्टैंड को हटाकर गरीब ऑटो चालकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जबकि चाहें तो उसी स्थान पर साफ-सफाई और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से व्यवस्था सुधारी जा सकती है। विधायक ने यह भी कहा कि बड़े बस संचालकों की बसें बस स्टैंड में संचालित हो रही हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि ऑटो चालकों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जो उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑटो चालकों ने उन्हें अवगत कराया है कि बस स्टैंड से हटाए जाने पर उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा। विधायक ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी कतरोलिया से ऑटो स्टैंड को यथावत रखते हुए समुचित व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

#### रात्रि में सफाई की जायेगी - बी.डी कतरोलिया

बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था और बसों के खड़े रहने के मुद्दे पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी कतरोलिया ने अपनी प्रतिक्रिया दी और स्पष्ट किया कि बसों के खड़े रहने का विषय यातायात विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है और इस संबंध में वही विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा। वहीं सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि अब बस स्टैंड परिसर की सफाई रात्रि के समय करवाई जाएगी, ताकि दिन के समय यात्रियों और संचालकों को असुविधा न हो। हालांकि, ऑटो चालकों की समस्याओं और ऑटो स्टैंड के स्थानांतरण को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने फिलहाल कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है, जिससे ऑटो चालकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## महात्मा ज्योतिबा फुले मिडिल स्कूल सरेखा में भारतीय संस्कारों की अनूठी झलक

### 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस पर छलका स्नेह

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 14 फरवरी को जहां एक ओर आधुनिक परिवेश में प्रेम दिवस मनाने की परंपरा प्रचलित है, वहीं सरेखा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले मिडिल स्कूल सरेखा में भारतीय संस्कृति और जीवन शैली पर आधारित मातृ-पितृ पूजन दिवस अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में इसे एक पारिवारिक उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्रधानपाठक राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा विद्या एवं वाणी की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में भारतीय संस्कृति की छटा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का संचालन वेद वेदांत सेवा समिति के प्रमुख श्री शेखर जी के सहयोग से किया गया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मातृ-पितृ पूजन के महत्व को अपने विचारों, प्रेरक उद्बोधनों एवं भावपूर्ण गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु, सच्चे मार्गदर्शक और हमारे भविष्य के निर्माता होते हैं। उनका स्थान जीवन में सर्वोपरि है। उनके प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आजीवन आदर ही सच्चे संस्कारों की पहचान है। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब बच्चों ने अपने माता-पिता के चरणों में शीश नवाकर उनके माथे पर तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों ने पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा आरती उतारकर अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा प्रकट की। तत्पश्चात परिक्रमा कर उनका मुंह मीठा कराया। इस दृश्य को देखकर उपस्थित अभिभावकों की आंखें नम हो गईं और पूरा परिसर भावनाओं से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की मातृ-पितृ भक्ति का स्मरण करते हुए बच्चों को यह संदेश दिया गया कि सच्ची सफलता और समृद्धि का मार्ग माता-पिता के आशीर्वाद से ही प्रशस्त होता है ।कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता का सम्मान केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का आधार है। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती लोहीना पंचेश्वर एवं श्रीमती दुर्गा लिल्हारे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को जीवन में माता-पिता, गुरुजनों एवं बड़ों के महत्व को समझाते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जिस समाज में परिवार और संस्कार मजबूत होते हैं, वही समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। समापन अवसर पर संस्था के संचालक श्री सनतराम पांचे ने बच्चों को इस संस्कार को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया ।उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भारतीय परंपराओं को जीवित रखना अत्यंत आवश्यक है, और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं।



### आज बूढ़ी माता मंदिर में हिंदू सम्मेलन एवं महाशिवरात्रि अभिषेक का आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित बूढ़ी माता मंदिर में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन माता मंदिर बूढ़ी समिति के तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 15 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महाशिवरात्रि अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 3:00 बजे से हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से पधारे कथावाचक पंडित अविनाश तिवारी श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे तथा महाशिवरात्रि अभिषेक में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। समिति द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और धर्म लाभ अर्जित कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

## किरनापुंर में खाना नहीं बनाने पर पत्नी से की मारपीट दी- जान से मारने की धमकी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** महज खाना नहीं बनाने से गुस्साए एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। किरनापुर पुलिस ने महिला के द्वारा लगाए गए आरोप और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति राकेश पिता तिलकचंद वाहने के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किरनापुर निवासी वर्षा घरेलू काम के अलावा मजदूरी भी करती है ।जिसके परिवार में पति राकेश और दो बच्चे हैं के अलावा सास विद्या वाहने और ससुर तिलकचंद वाहने भी साथ मे रहते है। वर्षा का पति राकेश प्रतिदिन काम करने के लिए बालाघाट आते है। रोज की तरह 13 फरवरी को 10 बजे वर्षा का पति राकेश वाहने अपने काम से बालाघाट गए थे और शाम 6:00 बजे वह घर वापस आया। उस समय वर्षा अपनी सास विद्या के साथ घर के बाहर रोड पर खड़े थे। राकेश ने अपनी पत्नी वर्षा से पूछा कि खाना बना है क्या, मुझे भूख लगी है। तभी वर्षा ने बोली की खाना नहीं बना है मैं अभी खाना बना देता हूं। वर्षा के यह कहने के साथ ही राकेश आवेश में आ गया और वह वर्षा को अश्लील गालियां देने लगा था। वर्षा ने उसे को गालियां देने से माना कि थी। इसी के साथ ही वर्षा को उसकी सास विद्या भी गालियां देने लगी थी। तभी राकेश ने पत्नि वर्षा को समय पर खाना नहीं बनाती कहकर मारपीट कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दे दी ।पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बीच बचाव किये। इस घटना के संबंध में वर्षा ने अपने भाई विशाल रावड़े हट्टा निवासी को बताई और रिपोर्ट करने के लिए किरनापुर पुलिस थाना पहुंची। किरनापुर पुलिस ने वर्षा द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति राकेश वाहने के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## सीएमएचओ ने निजी अस्पतालों से मांगी डॉक्टरों की डिग्री सूची

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर के सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल में एक युवक को एनेस्थीसिया देकर बेहोश किए जाने के बाद उसके कोमा में जाने की जानकारी परिजनों द्वारा मीडिया को दी गई थी। मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हस्तक्षेप करते हुए पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश जारी किए थे। अब इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव ने जिले के सभी निजी अस्पतालों से वहां सेवाएं दे रहे डॉक्टरों की सूची तथा उनकी शैक्षणिक डिग्रियों का विवरण तलब किया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कदम निजी अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाओं की वैधता की जांच के उद्देश्य से उठाया गया है। बताया जा रहा है कि विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सभी निजी अस्पतालों में नियमानुसार योग्य एवं पंजीकृत चिकित्सक ही सेवाएं दे रहे हों। शहर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी विवेक त्रिरपुडे के परिजनों ने सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, हाथ की उंगली में फ्रैक्चर के उपचार हेतु किए गए ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया दिए जाने के बाद विवेक कोमा में चले गए। मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। 14 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परेश उपलव ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही विभाग के चार सदस्यों की एक जांच टीम गठित कर दी गई है, जो पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट अभी पूर्ण नहीं हुई है, लेकिन एक-दो दिनों में रिपोर्ट आने की संभावना है। विवेक के परिजनों ने बताया कि घटना के 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनकी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। वर्तमान में उनका इलाज नागपुर में चल रहा है। हालांकि परिजनों के अनुसार, विवेक की हालत में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन वे अभी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हुए हैं। इधर, इस घटना के बाद विभाग ने एहतियातन एक और कदम उठाया है। सीएमएचओ ने जिलेभर में संचालित निजी अस्पतालों से वहां सेवाएं दे रहे चिकित्सकों एवं स्टाफ की जानकारी मांगी है। इसमें यह विवरण भी शामिल है कि किन अस्पतालों में किस प्रकार की डिग्रीधारी डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी निजी अस्पतालों में नियमानुसार योग्य और पंजीकृत चिकित्सक ही सेवाएं दे रहे हों।



## अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी एवं एमपीईबी ने जीता मैच

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में खेले जा रहे स्व. पत्रकार सुदेश पौराणिक, स्व. सुनील बिसेन, ओम भारद्वाज ,मुकेश बढ़ई ,सुरेन्द्र शुक्ला, अनीश खान स्मृति हीरो सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी एवं डॉक्टर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें बतौर अतिथि श्रीमती मौसम हरिनखेरे सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग वरिष्ठ खिलाड़ी शशि वर्मा,मनोज बचुरकुंडे उपस्थित रहे। डॉ. बी.आर अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 170 रन बनाए ।जिसमें शादाब खान ने 36 रन एवं अमन विश्वकर्मा ने 35 रन का योगदान दिया। डॉक्टर इलेवन की ओर से आशुतोष बांगरे ने 4 विकेट,समीर खान 2 विकेट स्वपनिल खोंगल ने 1 विकेट प्राप्त किए ।जवाबी पारी खेलने मैदान में उतरी डॉक्टर इलेवन ने 20 ओवर में 167 रन ही बना सकी ।रोहित मुदगल ने 20 रन निमिष गौतम ने 40 रन का योगदान दिया। डॉ. बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी की ओर से रोहित ने 1 विकेट पंकज गोस्वामी ने 2 विकेट शादाब खान ने 1 विकेट प्राप्त किया ।इस प्रकार डॉ बी आर अंबेडकर एजुकेशन सोसायटी ने 3 रन से मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया ।शादाब खान ने 36 रन एवं 1 विकेट प्राप्त किए हरफन मौला खेल की बदौलत मैं ऑफ द मैच से नवाजा गया ।दूसरा मैच जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के बीच खेला गया जिसमें बतौर अतिथि लोकेश लिल्हारे कमिश्नर जी एस टी,अमित कुमार अधीक्षण अभियंता ,प्रमोद गेडाम अधीक्षण अभियंता,गजेंद्र भारद्वाज मौजूद रहे। इस मैच में जिला प्रशासन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 167 रु बनाए जिसमें गगन अंगुरे ने 63 रन राजा बोधि ने 34 रन का योगदान दिया। एम पी ई बी की ओर से सोनू गाड़वे 3 विकेट,प्रीतेश ने 2 विकेट हासिल किए। जवाबी पारी खेलने मैदान में उतरी एम पी ई बी एकादश अंतिम गेंद पर रोमंचक जीत हासिल कर टूर्नामेंट में बहुत बड़ा उलटफेर किया। एम पी ई बी की और से राजीव रंजन ने 77 रन राहुल तुरकर ने 19 रन सोलंकी ने 25 रन बनाए ।राजीव रंजन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका अजय शुक्ला,सोनू यादव,विजय सोनेकर,अमन विश्वकर्मा एवं स्कोरिंग संदीप भीमटे,शुभम मेश्राम एवं कमेंट्री रजनीश राहंगडाले,महेंद्र अमूले,आकाश श्रीवास्तव द्वारा की गई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच पत्रकार एकादश एवं बैंक एकादश के मध्य सुबह 9 बजे एवं दूसरा मैच मेडिकल एकादश एवं व्यापारी इलेवन के बीच दोपहर 1 बजे खेला जाएगा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत भोज महासचिव ओमेंद्र,उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा,रजनीश राहंगडाले महेंद्र अमूले आकाश श्रीवास्तव



### कृषि महाविद्यालय मुरझड़ में इंटरनेट सुरक्षा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** राजा भोज कृषि महाविद्यालय मुरझड़ में इंटरनेट सुरक्षा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठाता डॉ घनश्याम देशमुख के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रतिभा बिसेन द्वारा किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में सेफ क्लिक की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए बताया गया कि फिशिंग लिंक, फर्जी ईमेल, ओटीपी धोखाधड़ी और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाओं से सावधानी बरतकर कैसे बचा जा सकता है। वक्ताओं ने मजबूत पासवर्ड के उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन ( Two-Factor Authentication ) अपनाने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की महत्वपूर्ण सलाह दी।

# बदहाल हुआ खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग ग्रामीणों में आक्रोश!!

**सड़क खराब होने से आवागमन में हो रही परेशानी, पक्की सड़क निर्माण करवाने की उठी मांग**




पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय से लगभग ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग बदहाल हो चुकी है। जिसके कारण मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणजनों, कृषकों एवं स्कूली बच्चों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कच्चा मार्ग होने के कारण बरसात के दिनों में उक्त मार्ग से पैदल चलना दूभर सा हो जाता है और इस मार्ग से खारी, खिर्री, मुरझड़ सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणजन को वारासिवनी, बालाघाट, कटंगी जाना होता है। तो इसी मार्ग का उपयोग अधिक करते है परन्तु सड़क खराब होने के कारण ३ किमी. अधिक दूरी तय कर आना-जाना करना पड़ रहा है। साथ ही मार्ग के खस्ताहाल होने के कारण छोटी-मोटी दुर्घटनाएं भी घटित होते रहती है। ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से खारी से बकोड़ा कृषि उपज मंडी तक डामरीकरण सड़क निर्माण करवाये जाने की मांग की। वहीं ग्रामीण एवं राहगीरों का कहना है कि कृषि उपज मंडी बकोड़ा तक सीसी सड़क का निर्माण हो चुका है उसके बाद से निर्माण कार्य नही किया गया है। यह कच्चा मार्ग है और जगह-जगह गड्डे भी हो चुके है जिसके कारण आने-जाने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही कई बार पंचायत के सरपंच, सचिव व प्रशासन को सड़क निर्माण किये जाने की मांग की गई है परन्तु उनके द्वारा भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। आगे कहा कि यह मार्ग खारी से सीधे बकोड़ा की ओर जाती है और दोनों ग्रामों के किसानों की खेती भी इसी मार्ग के आसपास है एवं सभी का आना-जाना भी होता है परन्तु मार्ग खराब होने के कारण सबसे अधिक बरसात के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि ३ किमी. की इस कच्ची सड़क का जल्द डामरीकरण निर्माण किया जाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

### आवागमन में होती है परेशानी - राजेश

राजेश गोमासे ने बताया कि खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग खराब हो चुका है। जबकि यह मार्ग वारासिवनी-कटंगी जाने के लिए सीधा मार्ग है और इस मार्ग से स्कूल के बच्चों एवं ग्रामीणजन आना-जाना करते है। लेकिन मार्ग का खस्ताहाल होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री गोमासे ने बताया कि इस मार्ग पर कृषि उपज मंडी भी है और किसानों की खेती भी है, अभी तो आना-जाना हो जाता है। लेकिन बरसात के दिनों में इस मार्ग से आवागमन करने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि पक्की सड़क का निर्माण करवाये ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



### सड़क का जल्द निर्माण करवाये प्रशासन - डिलेश्वरी

दूरभाष पर चर्चा में खारी सरपंच श्रीमती डिलेश्वरी नखाते ने बताया कि खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग खराब हो चुका है और इस मार्ग पर दोनों ग्रामों के किसानों की खेती भी है। साथ ही ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चें भी इस मार्ग से आवागमन करते है, लेकिन कच्चा मार्ग एवं खराब हो जाने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीमती नखाते ने बताया कि इसी मार्ग से बकोड़ा मंडी में किसान अपनी उपज विक्रय करने भी जाते है, सड़क खराब होने से किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अधिक दुरी तय कर किसानों को मंडी पहुंचना पड़ता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि खारी से बकोड़ा पहुंच मार्ग का जल्द निर्माण करवाये।



# बघोली में निकाली गई कलशों की शोभायात्रा

**महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आज**




**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** आस्था और भक्ति का केंद्र बने ग्राम बघोली में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। नगर मुख्यालय से ५ किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत बघोली में महाशिवरात्रि पर्व के एक दिन पूर्व १४ फरवरी को शाम में कलशों की भव्य शोभायात्रा शिव मंदिर से निकाली गई। इस अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात डीजे की धुन पर कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भ्रमण किया। इस दौरान डीजे की भक्तिमय धुनों और शिव भजनों पर झूमते भक्तों के साथ यह यात्रा ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए माता मंदिर पहुंची। जहां महिलाएं एवं श्रध्दालुओं ने माता-रानी की पूजा अर्चना कर सुख-समृध्दि की कामना की। वहीं १५ फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नवनिर्मित शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रात: के समय पंडित शंभुधर शास्त्री एवं सहयोगी के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ महादेव की मूर्ति स्थापित की जायेगी। जिसके पश्चात पूजा अर्चना, हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न होने के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं आयोजन समिति के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है और सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहेगा जहां लोग महादेव की पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित करेगें। आयोजित कलश यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से शिव मंदिर समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र बनवाले, सचिव सरवनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल धानेश्वर, महेश बनवाले, सुमेर ब्रम्हे, प्रीतम सिलारे, सचिन ब्रम्हे, मुन्नालाल अर्जुनवार, विष्णुदास ब्रम्हे, गौरीशंकर तुरकर, प्रहलाद बनवाले, फूलचंद तुरकर, अशोक ठाकरे, पदम सिलारे, वरिष्ठ समाजसेवी सुखचंद रहांगडाले, रूपचंद रहांगडाले, झनकार सिंह उइके, देवराम महेरकर, अनिल बिसेन, किशोर टेम्भरे, खिलेश टेम्भरे, जयराम चौधरी, दीपक पटले, चैनलाल चौधरी, पन्नालाल बनवाले, मानिक चौधरी, भवानी यादव, परसराम चौधरी, मनीष रहांगडाले, लिंबाजी ठाकरे, ढ़ालसिंह रहांगडाले, देवराम कुर्वेति, टोकेश बघेल, अजय रहांगडाले, नीलकंठ टेम्भरे सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# मशीनटोला बेहरई में श्री शिव महापुराण कथा की बह रही गंगा



पद्मेश न्यूज। बेहरई/लालबर्रा। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेहरई के मशीनटोला में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर गत दिवस से श्री शिव महापुराण कथा जारी है। इस अवसर पर प्रतिदिन रीवा से पधारे कथावाचक भगवताचार्य पंडित पूज्य श्रीकांत शास्त्री जी के द्वारा दोपहर एवं रात्रि में भगवान भोलेनाथ के जीवन लीलाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया जा रहा है। जिससे पुरे ग्राम में ज्ञान की गंगा बह रही है और क्षेत्रीयजन कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। १५ फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दिन ७ दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने की है।

## किसान कांग्रेस कमेटी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन १८ को

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के बालाघाट मार्ग स्थित लॉन में १८ फरवरी को दोपहर १२ बजे से किसान कांग्रेस कमेटी ब्लाक लालबर्रा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में किसान कांग्रेस कमेटी लालबर्रा अध्यक्ष मुनेन्द्र ठाकरे ने बताया कि किसान कांग्रेस कमेटी का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह कार्यक्रम १८ फरवरी को दोपहर १२ बजे से बालाघाट रोड़ स्थित लॉन में आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम अशोकसिंह सरस्वार पूर्व विधायक, बालाघाट, विश्वेश्वर भगत पूर्व सांसद बालाघाट, सुश्री हिना कावरे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष - म.प्र. शासन, संजय उइके अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट के मुख्य आतिथ्य एवं सम्राट सिंह सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट की अध्यक्षता में प्रारंभ होगा। श्री ठाकरे ने बताया कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को लेकर किसान कांग्रेस लालबर्रा द्वारा एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसान कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत करना है। साथ ही भाजपा शासन की कथित किसान विरोधी नीतियों के विरूध्द कार्यकर्ताओं को लामबंद करना और भविष्य की रणनीति तैयार करना है। इस अवसर पर क्षेत्रभर के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील भुरू पटेल (जिलाध्यक्ष-जिला किसान कांग्रेस), मुनेन्द्र ठाकरे (अध्यक्ष- किसान कांग्रेस लालबर्रा), भोजलाल पटले (अध्यक्ष- किसान कांग्रेस खमरिया), मनीराम भोयर (अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा) एवं दमनसिंह रहांगडाले (अध्यक्ष-ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खमरिया), किसान कांग्रेस लालबर्रा अध्यक्ष मुनेन्द्र ठाकरे, उपाध्यक्ष दिनेश मरार सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।



# क्षेत्र के शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब आज, गुंजेगा "हर-हर महादेव"

**महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर एवं अन्य स्थानों पर होगें विविध धार्मिक अनुष्ठान**




पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देवों के देव महादेव की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि का पर्व १५ फरवरी को भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही इस महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों एवं मंदिरों में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगें और क्षेत्र के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चन करने के लिए श्रध्दालुओं का जनसैलाब नजर आयेगा। जिसकी तैयारी मंदिर समितियों के द्वारा पूरी कर ली गई है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय से करीब ५ किमी. दूर समनापुर मार्ग स्थित बम्हनी के आगे माँ वैनगंगा नदी के पावन तट पर बसे महाकाल मंदिर में १५ फरवरी को मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सुबह से श्रध्दालुजन पहुंचकर वैनगंगा नदी के जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित करेंगें। साथ ही दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। वहीं पोटियापाट धाम स्थित इस प्राचीन एवं सिध्द मंदिर में माथा टेकने से भक्तों की सारे कष्ट भी दूर हो जाते है। इसी तरह नगर मुख्यालय के मानपुर स्थित अस्पताल कालोनी के श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर, पनबिहरी के शिव मंदिर, पांढरवानी शिव मंदिर, कंजई सहित अन्य स्थानों पर स्थित देवों के देव महादेव भगवान भोलेनाथ की मंदिरों में भी महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा जिसके लिए मंदिरों में विशेष साज-सज्जा भी की गई है। जहां सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है और समितियों के द्वारा भी तैयारी पूरी कर ली गई है।

नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के अस्पताल कॉलोनी स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति और आध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। श्री भोलेशंकर जनकल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित ७ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चलते संपूर्ण क्षेत्र शिवमय हो गया है। वहीं महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन चित्रकूट धाम (उ.प्र.) से पधारे आचार्य पं. श्री अशोककुमार पाण्डेय एवं आचार्य पं. श्री विमल मिश्रा के द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ संपन्न करवाया जा रहा है। १४ फरवरी को सुबह देवपूजन और हवन संपन्न हुआ, वहीं दोपहर में श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के उपरांत महाआरती का आयोजन किया गया है। वहीं १५ फरवरी को प्रात: १० बजे से श्री पार्थिव शिव पूजन की जायेगी जिसके बाद शाम ५ बजे से भव्य शिव बारात श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर निकलेगी जो पूरे नगर का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी जहां भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न करवाया जायेगा। १६ फरवरी को शाम ५ बजे से आयोजन समिति के द्वारा श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में सम्मानीय वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं शाम ६ बजे महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण के साथ ही महाशिवरात्रि का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। इस ७ दिवसीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कार्यक्रम से पूरे क्षेत्र भक्तिमय हो गया है और लोग पहुंचकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर रहे है। श्री भोलेशंकर जनकल्याण समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## पुलवामा आतंकी हमले की स्मृति में महाविद्यालय मे श्रद्धांजलि सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।** स्व.दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में शनिवार,दिनांक 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदया डॉ सुनीता जैन, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।अपने उद्बोधन में प्राचार्य महोदय ने 14 फरवरी 2019 को हुए उस हृदयविदारक हमले का उल्लेख किया जिसमें हमारे देश के 40 से अधिक सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा के प्रति सजग नागरिक बनने का संकल्प लें।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा आतंकवाद के दुष्परिणाम तथा युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण एवं विचार-विमर्श भी आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताओं एवं विचारों के माध्यम से शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रहित में कार्य करने तथा शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस प्रकार यह कार्यक्रम गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## विशाल त्रिशूल यात्रा व भंडारा का आयोजन

पद्मेश न्यूज। हट्टा। शिवरात्रि के महापर्व के पावन अवसर पर विशाल त्रिशूल यात्रा व भंडारा का आयोजन दिनाक 15 फरवरी 2026 को सुबह 7 बजे से किया जा रहा है यह यात्रा मोहगाव खुर्द से गुप्तेशवर महादेव पहाड़ी तक रहेगी । त्रिशूल यात्रा ग्राम मोहगावखुर्द हनुमान मंदिर से शिव मंदिर व राम मंदिर से भालवा भ्रमणव करके गुप्तेशवर महादेव पहाड़ी डोंगरगाँव पहुचेगी । आयोजकों के द्वारा समस्त ग्रामवासी , क्षेत्रवासी,व शिवभक्तगण से निवेदन है कि आप सभी इस शुभ अवसर पर 100 किलो (31 फीट ) त्रिशूल यात्रा मे शामिल होकर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करे।



**आवश्यकता है**

सैंट्रल बैंक लालबर्रा के ऊपर हमारे नवनिर्मित लॉज में दो लड़कों की रिसेप्शन में कार्य करने हेतु आवश्यकता है, योग्यता कम से कम 10 वीं पास होना चाहिए।

-: मिलने का समय :-
प्रातः 9 से 11 बजे तक
- स्थान -
रामदेव राईस मिल लालबर्रा
मोबाइल नंबर
7875129343,
6267701808

# मांझापुर हाइवे पर मिली लाश से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## सड़क दुर्घटना बताया जा रहा कारण परिजनो ने की जांच की मांग

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम लेंडेझरी के मांझापुर हाइवे पर पट मैदान के पास १४ फरवरी की सुबह मोटरसाइकिल के साथ अज्ञात शव पड़ा मिला। यह सूचना आसपास के ग्राम में आग की तरफ फैल गई जहां सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान मौके पर मृत पड़े अज्ञात व्यक्ति की पहचान अजय गिरी गोस्वामी उम्र ३५ वर्ष चंद्रपुरी निवासी के रूप में परिजनों व परिचितों ने की। जहां पुलिस के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को समझाइस देने के उपरांत मौके से शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई।यह घटना एक सड़क दुर्घटना बताई जा रही है जिसमें अजय की मौत हो गई और उसका साथी ईशेष घायल है जिसका उपचार बालाघाट के निजी अस्पताल में जारी है। मामले में पुलिस के द्वारा विवेचना की जा रही है।**



### यह हैं पूरा मामला

अजय पिता समल गिरी गोस्वामी उम्र ३५ वर्ष वार्ड नंबर ७ ग्राम चंद्रपुरी थाना लालबर्रा निवासी है। इसका विवाह हो चुका है जो सामूहिक परिवार में अपने माता पिता भाई पत्नी और दो बच्चों के साथ निवास करता था। वह डोंगरिया आरटीओ कार्यालय के पास वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर स्थित चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में शेफ का काम करता था। अजय गिरी गोस्वामी प्रतिदिन की तरह १३ फरवरी की सुबह अपने काम पर आया हुआ था। जो रात्रि में करीब ११.३० बजे घर जाने के लिए निकला था परंतु वह घर नहीं पहुंचा। सुबह उसका शव एवं मोटरसाइकिल मांझापुर पट मैदान के पास से गुजरे हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त पड़ी हुई थी। इसमें एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा होने की सुचना आस पड़ोस के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई इसी दौरान घटना की जानकारी पुलिस को लगने पर वारासिवनी ,लालबर्रा पुलिस बल एवं एसडीओपी वारासिवनी एफएसएल टीम बालाघाट भी मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों से जानकारी लेकर मौके की बारीकी से जांच की गई जहाँ ग्रामीणों का आक्रोश भी देखने को मिला। ग्रामीणों को पुलिस के द्वारा समझाइस देकर शांत किया गया। तत्पश्चात मौका स्थल की जांच पूर्ण करने के बाद अजय गिरी गोस्वामी के शव को मौके से बरामद कर सिविल अस्पताल के शव विच्छेदन गृह में लाया गया। जहां आवश्यक पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसमें बताया जा रहा है कि काम पर से पांच मित्र एक साथ निकले थे परंतु अजय गिरी गोस्वामी और एक अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल से हाईवे मार्ग पर जा रहे थे। तभी अचानक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई जहां जबरदस्त टक्कर के कारण मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जो मौके पर पड़े रहे इसी दौरान उनके तीन साथियों के द्वारा उनका पता करने के लिए फोन किया गया। तो घायल युवक ईशेष के द्वारा फोन उठाकर उन्हें घटना की जानकारी दी गई। जिस पर तत्काल वह तीनों युवक मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। तो वहीं मौके पर मृत व्यक्ति अजय गिरी गोस्वामी को छोड़ दिया जिसका शव पूरी रात हाईवे पर पड़ा रहा। जो सुबह ग्रामीणों की नजर में आया इसके बाद पुलिस के द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में अजय काम करता था-सुनील चाकूले

सुनील चाकूले ने बताया कि डोंगरिया में चूल्हा चौका रेस्टोरेंट में अजय काम करता था जो रोज आता रात में करीब ११.३० बजे वह घर आता था। वह घर नहीं आया तो परिजनों ने उस दिन उसे फोन करके बात की तो थोड़ी देर में आने की बात कही। फिर परिवार ने इंतजार किया और फोन लगाया तो फोन नहीं लगा रात की घटना की किसी को जानकारी नहीं थी। सुबह एक्सीडेंट की जानकारी हुई डोंगरिया हाईवे पर शव पड़ा हुआ था जहां पहचान करें तो वह अजय गिरी गोस्वामी ३५ वर्ष चंद्रपुरी निवासी का था। हमें कोई घटना की जानकारी नहीं थी उनके साथियों ने जो बताया उससे लगता है की सोची समझी साजिश है या दुर्घटना। एक व्यक्ति और था वह घायल है जो अस्पताल में उपचार कर रहा है ऐसा बताते हैं परंतु हमको मिला नहीं है। घटना देखकर एक्सीडेंट लग रहा है पर कैसे हुआ पता नहीं हमें न्याय मिले सीसीटीवी जो लगे हैं उससे पूरी जांच हो। अजय बहुत सरल स्वभाव का व्यक्ति था उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि मांझापुर हाईवे पर एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखें तो मृत व्यक्ति की पहचान अजय गोस्वामी उम्र ३५ वर्ष चंद्रपुरी निवासी के रूप में हुई। वह और उसका मित्र विशेष मोटरसाइकिल से जा रहे थे तभी हाईवे पर सड़क दुर्घटना होने से अजय की मौत हो गई थी ईशेष का बालाघाट के निजी अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है मर्ग जांच हर पहलू से प्रारंभ कर दी गई है।

**अभिषेक चौधरी**
**एसडीओपी वारासिवनी**

## महाशिवरात्रि पर्व आज

# आज जगह-जगह शिवालयों में होगी भोले शंकर की पूजा आराधना

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

हिंदू धर्म लंबियों का एक महत्वपूर्ण त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व १५ फरवरी को मनाया जाना है। जिसको लेकर समस्त शिवालयों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, जहां पर हर्ष उल्लास के साथ सुबह से ही पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान नगर सहित क्षेत्र के समस्त शिवालयों में महोत्सव के रूप में यह पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए सभी जगह लाइटिंग झालर मंदिरों की साफ सफाई सहित विभिन्न प्रकार के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे इस दौरान मंदिरों में सुबह से लोग जल चढ़ाने पहुंचेंगे।



### जागेश्वर मंदिर में चढ़ाया गया हल्दी चंदन

नगर के वार्ड नंबर १४ स्थित जागेश्वर शिव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सार्वजनिक जागेश्वर शिव मंदिर समिति के तत्वावधान में चार दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव प्रतिवर्ष की तरह हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा है। जहां पर १५ फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह ६ बजे से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक ९ बजे महाकाल सेना के द्वारा बाइक रैली, दोपहर १ बजे हवन पूजन कर शाम ५ बजे शिव बारात निकाली जायेगी। जो नगर का भ्रमण करते हुए श्री पंचमुखी शिव मंदिर पहुंचेगी जहां पर शिव विवाह संपन्न किया जाएगा। इसके बाद १६ फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### पंचमुखी मंदिर में शिव विवाह आज

नगर के श्री पंचमुखी शिव मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां पर देवी जागरण ग्रुप के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान जागेश्वर शिव मंदिर से निकली शिव बारात नगर भ्रमण कर मंदिर पहुंचेगी जहां पर विधि विधान से शिव विवाह संपन्न किया जाएगा। जहां पर सुबह अभिषेक पूजन अर्चन कर शिवरात्रि उत्सव का प्रारंभ किया जाएगा।

### वारा टोला शिव मंदिर में मेला आज

मुख्यालय से लगे ग्राम वारा के वाराटोला में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत हवन पूजन किया जाएगा। वहीं सुबह से मेले का आयोजन किया गया है।

### महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य देवी जागरण का आयोजन

खैरलांजी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तहसील शिव मंदिर समिति के प्रांगण में रविवार को हवन पूजन व महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। रात्रि में भव्य शिव जागरण व झांकीयों का आकर्षक कार्यक्रम रखा गया है। गायक सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वेता शर्मा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति तहसील प्रांगण में रात्रि ८ बजे दी जाएंगी। सभी शिव भक्तों से निवेदन है कि तहसील शिव मंदिर समिति खैरलांजी के प्रांगण में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# मार्ग का निर्माण नही होने से मोहगांव के ग्रामीणों में आक्रोश

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/रामपायली।** शासन ने गांव से गांव को जोड़ने का समुचित प्रयास करते हुए सीमेंट रोड़ के निर्माण जहां तहां करवाए है। लेकिन कई ऐसे ग्राम है जहां आज भी मार्ग निर्माण नहीं हो पाए हैं,जिसका असंतोष आम नागरिकों में स्पष्ट देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत मोहगांव में विगत लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग नागरिकों के द्वारा की जा रही है ,किंतु प्रशासन की ओर से इस मांग पर तवज्जो नही दिए जाने से अब आम नागरिकों के जान पर बन आई है। इस ग्राम से अकुटोला बकोड़ी निकलने वाले मार्ग का २०१२ में सड़क निर्माण के नाम मुरमीकरन किया गया था। जिस पर एक पुलियां भी था जो बनते ही धंशक गया तब से लेकर आज तक वह पुलियां तीन पाइपों के बजाय एक पाइप पर खड़ा है। जिसमें आने जाने वालों के जान पर सदैव खतरा मंडराता रहता है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मोहगांव से अकुटोला बकोड़ी जैसे अनेक ग्रामों में निकलने के लिए यह मूरमीकरण वाला मार्ग आज भी है। जिसका निर्माण २०१२ के आसपास मुरमीकरण कर क किलोमीटर लंबा मार्ग ग्राम पंचायत मोहगांव ने लगभग डेढ़ लाख की लागत से निर्माण किया था। जिसमें पड़ने वाले एक पुलिया में तीन सीमेंट पाइपों का पानी निकासी के लिए रखा गया था। उस पर से आवागमन कुछ ही समय तक यथावत रहा उसके बाद अचानक पुलियां धशक गया। उसके बाद से यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है फिर भी लोग कम दूरी होने के कारण इसी मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए करते रहते हैं । लेकिन इस पुलियां में कभी भी कोई भी वहां नीचे गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के समाचार आए दिन मिलते रहते हैं। यह मार्ग ग्राम के मोक्ष धाम को भी जाता है जहां आए दिन ग्रामीणों को आना जाना पड़ता है और कृषकों के लिए यह मार्ग सबसे अधिक उपयोगी होने के कारण यह मार्ग पर आवागमन सदैव बना रहता है। गत १० फरवरी को एक कृषक बाइक से इस मार्ग से जा रहा था जो इस पुलियां का पूर्ण निर्माण नही होने के कारण नीचे गिर गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस मार्ग के आसपास २०० एकड़ खेतीयों का जल निकासी भी होती है जिसके लिए यह पुलियां आवश्यक है। शासन को अनेक बार ग्रामीणों ने इस मार्ग के निर्माण के लिए मांग रखी किंतु हर बार किसानों की मांगों को दरकिनार कर दिया गया। ग्रामीण झाम सिंह बिसेन ,धनेंद्र बिसेन, दिगपाल बिसेन ,महेंद्र शरणागत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मार्ग के निर्माण होने से यह मार्ग कम दूरी वाला कम समय में अनेक ग्रामों को जोड़ेगा। इसके निर्माण से लोगों को आने जाने में भारी सुविधा का इजाफा होगा। यह मार्ग अभिलंब निर्माण होना चाहिए ताकि समस्त जनों के लिए यह उपयोगी मार्ग साबित हो अन्यथा दुर्घटना वाला मार्ग यह कभी भी किसी की जान लेवा तब आखिरकार कौन जिम्मेदार होगा । आम जनों ने अति शीघ्र इस मार्ग के निर्माण के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया है।



# ४१२ परीक्षार्थियों ने नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फॉर वर्क एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का हल किया प्रश्नपत्र

## दसवीं कक्षा की हाई स्कूल सर्टिफिकेट वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश अनुसार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा १४ फरवरी से प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत १० परीक्षा केंद्रों में उक्त परीक्षा का आयोजन शासन के निर्देश अनुसार किया गया। यह परीक्षा सुबह ९ बजे से १२ तक संचालित की गई। जिसमें ७ परीक्षा केन्द्रों में ४१२ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फॉर वर्क एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय के पेपर का प्रश्न पत्र हल किया। इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा गठित उडनदस्ता के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुबह से परीक्षा प्रारंभ करवायी गई। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा कक्षा १० वीं का पहला पेपर देने के लिए छात्र छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया जो समय से आधा घंटे पहले केंद्र में उपस्थित हो गए थे। वहीं उनके माता पिता पूरे परीक्षा के दौरान विद्यालय के सामने इंतजार करते नजर आयें। इस दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं बना सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न की गई।




### ७ परीक्षा केन्द्रो में शामिल हुए परीक्षार्थी

वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत कक्षा १० वीं की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिए १० परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परंतु नेशनल स्किल क्वालिफि केशन फॉर वर्क एवं आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस विषय की परीक्षा ७ परीक्षा केन्द्रो में ही आयोजित की गई। जिसमें कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आईटी के ५३ में ५३ परीक्षार्थी, हेल्थ केयर के ५९ में ५९ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गर्रा रामपायली में आईटी के ४८ परीक्षार्थियों में से ४८ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झालीवाड़ा में आईटी के ४३ परीक्षार्थियों में से ४३ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलेझरी में आईटी के २४ में से २३ परीक्षार्थी उपस्थित १ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा, एग्रीकल्चर में १५ में १५ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुदबुदा में आईटी के ४५ में ४५ परीक्षार्थी एवं हार्डवेयर के ३२ में ३१ परीक्षार्थी उपस्थित १ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपायली में ब्यूटी एंड वैलनेस के २९ में से २८ परीक्षार्थी उपस्थित १ परीक्षार्थी अनुपस्थित, हेल्थ केयर में २५ में से २५ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कैरियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ब्यूटी एंड वैलनेस में २९ में २८ उपस्थित एक परीक्षार्थी अनुपस्थित एवं हेल्थ केयर में २५ में २५ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार सात परीक्षा केंद्रो में यह आईटी , हार्डवेयर, एग्रीकल्चर, ब्यूटी एंड वैलनेस, हेल्थ केयर के विषय में कुल दर्ज ४१६ परीक्षार्थियों में ४१२ परीक्षार्थी उपस्थित ४ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### बहुत कम विद्यालयों में पढ़ाए जाते हैं यह विषय

शासन के द्वारा गुणवत्ता पूर्वक शिक्षण बनाने को लेकर नेशनल स्किल क्वालिफि केशन फॉर वर्क एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय शिक्षा से जोड़ दिए गए हैं। जो चुनिंदा ही कुछ शासकीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहे है। ऐसे में कक्षा दसवीं के लिए १० परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जिसमें से यह परीक्षा ७ केन्द्रो में आयोजित की गई। इस दौरान सीएम राइज शासकीय टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंढकी, शासकीय हाईस्कूल डोंगरमाली परीक्षा केंद्र में यह परीक्षा आयोजित नहीं हुई क्योंकि बच्चों की संख्या बहुत कम थी। उसी के अनुसार यह परीक्षा आयोजित थी जिसमें मात्र ४१२ परीक्षार्थियों के द्वारा उपस्थित होकर पेपर हल किया गया।

### सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न की गई-वीरेंद्र बनोटे

विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र बनोटे ने बताया कि कक्षा १० वीं की हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रारंभ हो गई है। जिसमें पहले दिन नेशनल स्किल क्वालिफि केशन फॉर वर्क एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय का पेपर परीक्षार्थियों के द्वारा हल किया गया। इस दौरान वारासिवनी विकासखंड के १० में से ७ परीक्षा केंद्र में बच्चों की संख्या को देखते हुए परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल ४१६ परीक्षार्थियों में से ४१२ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर पेपर हल किया जिसमें ४ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न की गई ।वहीं गठित उडन् दस्ते के द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान किसी प्रकार का नकल प्रकरण सामने नहीं आया है। शासन के द्वारा यह जो व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं,वह कुछ ही शासकीय विद्यालय में संचालित हो रहे हैं जिससे संख्या बहुत कम है आगे नियमित विषय में बच्चों की संख्या देखने मिलेगी।

# किसान के मकान में लगी आग धू-धू कर जला सामान

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा के नदी टोला वार्ड नंबर १० निवासी किसान भीवराम मानेश्वर के मकान में १४ फरवरी की शाम करीब ६.३०बजे अचानक आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब मकान के अंदर परिवार के सदस्य सभी अपने कार्यों में व्यस्त थे। इस दुर्घटना में पीड़ित परिवार को करीब हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान भीवराम पिता बलिराम मानेश्वर नदीटोला वार्ड नंबर १० बुदबूदा में निवास करते हैं। जो मकान में अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं जहां शाम करीब ६.३० बजे परिवार के सभी सदस्य अपने कार्यों में व्यस्त थे। तभी मकान की छत से धुंआ निकलता हुआ परिवार के सदस्यों के द्वारा देखा गया। जिन्होंने तत्काल धुआँ निकलने की घटना की तलाश की तो पता चला कि पाटन पर रखे पैरे में आग लग गई है। हालांकि यह आग किन कारणों से लगी इसकी कोई पुष्टि नहीं हो पाई। परिवार के लोगों के द्वारा लगी हुई आग को देखकर तत्काल पूरे परिवार को घटना की सूचना दी गई वहीं हल्ला कर आस पड़ोस में भी बताया गया। इस दौरान परिवार के कुछ सदस्य पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़े तो वहीं आसपास के लोग भी आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करते रहे। इसी समय तत्काल ग्रामीणों के द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई जहां फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। धु धु कर घर की सामग्री जलने लगी जिसमें आग की लपटे दहकती हुई दूर से ही पूरे गांव में देखी जा रही थी। परंतु परिजनों सहित ग्रामीणों के द्वारा मौके पर उपलब्ध साधनों के माध्यम से आग को शांत करने का प्रयास किया गया। किंतु आग की लपटे दहकती रही इस दौरान फायर ब्रिगेड बुदबूदा तो पहुंची परंतु बुदबूदा और नदी टोला के मध्य नदी पर बन रहे उच्चस्तरीय पुल के कारण पीड़ित के मकान तक जाने में असमर्थ रही। ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा आस पड़ोस में मोटर पंप लगाकर कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया गया। इस भयानक आगजनी में किसान के पटन में रखी लकड़ी कृषि उपकरण पैरा सहित अन्य सामग्री के साथ पूरा सड़न जल कर राख हो गया। जिसमें किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है जिसके द्वारा शासन प्रशासन से उचित कार्यवाही कर मुआवजा देने की मांग की जा रही है।



आवश्यकता है
वारासिवनी कार्यालय में
केबल में कार्य हेतु
लड़कों की
आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

*2026 का बजट सत्र हो, या विभिन्न सदनों के अन्य सत्र, सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष जिस तरह के नजारे पेश कर रहा है, उसे देख कर लगता है कि उन्हें गलतफहमी है कि जनता हमेशा उनकी तमाशबीन बनी रहेगी। जब बांग्लादेश में नई सत्ता का निर्माण होना है, तब असम के मुख्यमंत्री खास समुदाय को लेकर संवैधानिक हदों को पार कर रहे हैं। एक राज्य की सत्ता पर कब्जा बचाए रखने के लिए केंद्रीय सत्ता की वैश्विक छवि खतरे में पड़ जाए, इसकी उन्हें कोई फिक्र नहीं। सत्ता पर लगे हर आरोप का जवाब देने के लिए बिहार से जुड़े तीन नेताओं को सामने कर दिया जाता है, जो असंसदीय भाषा बोलने का रिकार्ड बना रहे हैं। माननीयों को चेतावनी देता बेबाक बोल कि आपकी राजनीति को देख जनता यह न कह दे-आपां गावांगे ही नहीं।*

*यह बेबाक बोल -*










## मैं बेपनाह अंधेरों को सुबह कैसे कहूं मैं इन नजारों का अंधा तमाशबीन नही

# आपां गावांगे ही नहीं

–मुकेश कुमार

आपां गांवगे ही नहीं जब तक कुड़ियां सेफ नी फील करती होये (जब तक महिलाएं सुरक्षित नहीं महसूस करेंगी, मैं गाऊंगी ही नहीं)।

संसद जनप्रतिनिधियों के बारे में बात करने से पहले बात करते है दिल्ली में हुए एक वाकये की। पिछले कुछ दिनों से जिन पंजाबी गीतों पर शराब व हिंसा को महिमामंडित करने का आरोप लग रहा है, ऊपर उद्धृत एलान उसी पंजाबी भाषा में है। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रस्तुति देते वक्त जैस्मीन सैंडलस ने देखा कि कुछ पुरुष महिलाओं को परेशान कर रहे थे। यह देखते ही जैस्मीन ने तुरंत ही गाना रोक कर सुरक्षाकर्मियों से उन पुरुषों को समारोह स्थल से बाहर भेजने को कहा।

गैस्मीन के विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। किसी भाषा, किसी सदन, किसी संस्थान की छवि उसे बरतने वाले, उसका प्रतिनिधित्व करने वालों पर टिकी होती है। मनोरंजन की दुनिया में खास कर पंजाची गीतों के संदर्भ में जैस्मीन का यह प्रतिरोध याद रखा जाएगा। जैस्मीन के गीतों के शब्द जैसे भी लोकलुभावन रहते हों, उन्होंने अपनी महिला श्रोताओं के संदर्भ में उनकी गरिमा का ध्यान रखा। कोई भी कलाकार अपने श्रोताओं व दर्शकों के जरिए ही खड़ा हो पाता है। इस घटना के बाद वे लोग भी जैस्मीन के प्रशंसक हो गए, जिनकी रुचि उस तरह के गीतों में नहीं है, जैसा वे गाती हैं।

दूसरा उदाहरण है नेटफ्लिक्स की वृत्तचित्र कड़ी एपस्टीन फाइल का। आधुनिक सभ्यता का अभी तक का यह सबसे घिनौना अपराध आखिर दुनिया की नजर में कैसे आया? उन्हीं पत्रकारों व पत्रकारिता के जरिए, जिन्हें इन दिनों दुनिया खारिज कर रही है। एक पत्रकार ने जब अपनी जिम्मेदारी निभाई तो देर से ही सही पूरी दुनिया कांप उठी। इस वृत्तचित्र में एपरटीन की असलियत सामने लाने वालों में से एक महिला कहती है-मैं भी एक मां हूं।

मेरी भी बच्चियां हैं। इसलिए मैंने इस पर काम करने को चुना। एपस्टीन इतना प्रभावशाली था कि विभिन्न मामलों से बचाने के लिए उसके पास बेहतरीन वकीलों की फौज थी। दुनिया भर के रईस और शक्तिशाली उसके संपर्क में थे। इन सचके बीच कुछ लोगों की आत्मा जागी कि इस दुनिया के सामने एपस्टीन का घिनौना सच आना चाहिए।

एपस्टीन फाइल पूरे दस्तावेजों के साथ पूरी दुनिया को उपलब्ध है। उस पत्रकार, उन पुलिसकर्मियों की सबसे बड़ी सफलता यह है कि इसे देखने के चाद दुनिया को बदलने का ख्वाहिशमंद युवा आज भी पत्रकार या पुलिसवाला बनने की सोचेगा। यह सबक लेगा कि बस अपने निर्धारित सामान्य कर्तव्य पूरे कर लेंगे तो भी दुनिया को अपने हिस्से का नायकत्व दे जाएंगे।

ये दो उदाहरण हैं। सच्चाई, अच्छाई और मूल्यों के सिद्धांत के लिए कोई, कब और कैसे नायक बन जाता है, यह कोई नहीं जानता। जब घोषित नायक मूकदर्शक बने रहते हैं, मूल्यों का मर्दन करते रहते हैं तब ऐसे ही आम लोगों की आवाज फिजा बदल देती है। संसद के बजट सत्र में जो कुछ हुआ, उसे देखते हुए माननीयों को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री देवीलाल की याद दिलानी जरूरी है। देवीलाल लोकतंत्र की परिभाषा देते हुए कहते थे यह लोक-लाज से ही चलता है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के बारे में तथ्य सामने आते हैं कि वे जैफरी एपरटीन से मिले थे। वे इसे स्वीकारते भी हैं। आज के दौर में एपस्टीन के अपराधों के बारे में दुनिया जितना जानती है, उसे देखते हुए उससे मिलना भी संदिग्ध अपराध की श्रेणी में आता है, वहीं पुरी की सफाई से लगा कि उन्होंने कुछ शानदार काम किया था। कुछ देशों में इस मामले में संलिप्तता सामने आने पर शीर्ष स्तर के इस्तीफे हुए। यह तथ्य सामने आते ही सरकार को खुद लोकतांत्रिक और मानवीय मूल्यों के तकाजे से ठोस स्पष्टीकरण देना चाहिए था। सरकार की भाषा देश के साथ, दुनिया को आश्वासन देने वाली होनी चाहिए थी कि इस मामले में जो भी है, वो स्पष्ट रूप से सामने आएगा। एपस्टीन का मामला पूरी दुनिया में सवाल उठा रहा है। हर जगह की सत्ता उसका सामना कर रही है। आनन-फानन में पाक-साफ घोषित करने के चक्कर में आपकी नीयत पर सवाल उठेंगे ही।

आज भारतीय संसद में जो कुछ हो रहा है, उसे जीवंत प्रसारण के जरिए दुनिया देख रही है। सदन के अध्यक्ष उसे संसदीय कार्यवाही के दस्तावेज से निकाल देते हैं। लेकिन जब जीवंत वीडियो ही सर्वसुलभ है तो %लिपिनिषेध% कर देने का क्या औचित्य है? लिपि से ज्यादा शक्तिशाली तो स्वर है जो आंखें मूंदे हुए लोगों के कान में भी शोर मचा देता है। दुनिया ने देखा कि एक अति गंभीर आरोप के सामने आते ही संसदीय कार्यमंत्री ने कैसे इसकी सत्यता पर सवाल उठा दिया? उनके ऐसा करते ही राहुल गांधी ने दस्तावेज सामने रख दिया। दुनिया ने यह भी देखा कि आसन के अध्यक्ष ने सरकार को बचाने की कोशिश करते हुए उन दरतावेजों की नकार दिया। जब पक्ष पर इतने सारे सवाल उठ रहे हो तो सदन के अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि आप मेरी सलाह मान लिए होते तो आज विपक्ष में नहीं होते। आसन के अध्यक्ष की पक्ष के प्रति यह आसक्ति क्या संदेश देगी? अध्यक्ष ही संयम नहीं रख पाएंगे तो बाकी से क्या उम्मीद। दुनिया देख रही है कि भारतीय संसद में विपक्ष को किस नकारात्मक नजरिये से देखा जा रहा है।

अपनी संसदीय कार्य की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने की भावना संसद में खत्म हुई सी दिखती है। अगर एक का किताच दिखाना गलत है, तो दूसरे का किताब दिखाना सही कैसे हो सकता है? एक आरोप का जवाब देने के लिए आप सारी नैतिकताओं को ताक पर रख देंगे? पूरी दुनिया यह भी देख रही है कि दो उद्योगपतियों का नाम आते ही पूरा सत्ता पक्ष उग्र हो उठता है।

दुनिया भर के विद्वान कह चुके हैं कि देश प्रेम का मतलब सत्ताधारी पार्टी से प्रेम करना नहीं होता है। पार्टी अलग है, सरकार अलग है। संसद में जो विपक्ष बैठा है, उसे भी जनता ने ही ताकत दी है। किसी भी सवाल की जवाबदेही सरकार की बनती है। अमेरिका से कारोबारी करार में किसानों के हितों की अनदेखी पर वित्त मंत्री कांग्रेस के पुराने करार का हवाला देने लगती है। पिछले डेढ़ दशक से अगर सरकार नई है तो विपक्ष भी नया है। लगता है कि सत्ता की नींद में सोई वित्त मंत्री को जनता को झकझोर कर जगाना पड़ेगा कि तीन बार से सत्ता में आप हैं। इस बार आपको अगर अकेले बहुमत नहीं दिया गया था तो उसके मायने समझिए। पिछले डेढ़ दशक से किसी भी तरह के करार के लिए आपकी सरकार जिम्मेदार है, कांग्रेस नहीं। यह दुनिया ने भी देखा कि विपक्ष के आरोप और हंगामे के बाद अमेरिका ने करार की भाषा चदली। इसी से सत्ता पक्ष को समझना चाहिए कि उसके लिए, देश के लिए, लोकतंत्र के लिए विपक्ष कितना जरूरी है। एक किताब के जरिए लगे आरोपों से बचने के लिए सत्ता पक्ष के नेता कई किताब ले आते हैं। देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में आपत्तिजनक बयान देते हैं। लगता है, बिहार के तीन नेताओं को सत्ता ने अपने सुविधाजनक इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रख लिया है। क्या इन नेताओं को अहसास है कि आने वाली पीढ़ी इतिहास के वीडियो (क्योंकि अब दृश्य ही सब कुछ है) में उन्हें देख कर उनके बारे में क्या राय बनाएगी ?

संसद में बैठे लगभग 46 फीसद सांसद आपराधिक रिकार्ड वाले हैं। पक्ष हो या विपक्ष सिर्फ जाति, बाहुबल, क्षेत्रगत प्रभाव और व्यक्तिगत निष्ठा देख कर ही चुनाव के टिकट देता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ही चुनाव की हकीकत बताता ऐतिहासिक चयान याद कीजिए, जब उन्होंने कहा था कि मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं हैं।

सरकार और विपक्ष दोनों के कंधों पर लोकतंत्र के लोक-लाज की हिफावत की जिम्मेदारी है। जनता सद्म कर निशिकांत दुबे और गिरिराज सिंह जैसे सत्ता पक्ष के वकीलों को देख रही है। जरा सोचिए, उस दिन क्या होगा जब जनता का सत्र टूटेगा और वो संसद से कहेगी।

## राजपाठ

### झुकी द्रमुक

*आखिर द्रमुक को अपने सहयोगी दलों के राजनीतिक दबाव के आगे झुकना पड़ा है। अब द्रमुक ने कह दिया है कि कांग्रेस और वाम दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर बातचीत 22 फरवरी से शुरू होगी।*

*तमिलनाडु में बाकी चार राज्यों के साथ मार्च में ही विधानसभा चुनाव होंगे। इससे पहले डीएमके की तरफ से कहा गया था कि सीटों के बंटवारे पर बातचीत की नए सिरे से भला जरूरत ही क्या है। पहले से चला आ रहा है गठबंधन और कांग्रेस को 25 सीट मिल जाएंगी। यह बात अलग है कि विरुधनगर के कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में टैगोर को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। उनके कुछ भी कहने का अर्थ अलग होता है। स्टालिन ने बयान दिया है कि चुनाव तो वे सहयोगी दलों से तालमेल करके लड़ेंगे, पर सरकार केवल द्रमुक की होगी। बकौल टैगोर, कांग्रेस अब 2006 वाली भूल नहीं करेगी, जब द्रमुक को 234 में से महज 96 सीट मिली थी और कांग्रेस के 34 विधायकों ने द्रमुक सरकार को बाहर से समर्थन दिया था। मौजूदा डीएमके सरकार का अपना बहुमत है। कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का होगा और द्रुमुक को अकेले बहुमत शायद ही मिले। इसी अनुमान के तहत टैगोर ने कहा है कि सरकार द्रमुक की बनेगी या गठबंधन की, यह फैसला जनता करेगी स्टालिन नहीं।*

### डर की डगर

*विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को खास कामयाबी नहीं मिली। उसके महज छह विधायक ही जीत पाए। तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पार्टी ने अभी तक विधायक दल का नेता नहीं चुना। पिछले दिनों पार्टी हाईकमान ने सभी विधायकों को दिल्ली बुलाया था। उनकी मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात भी हुई थी। बताया गया था कि पटना वापस जाकर विधायक अपना नेता चुनेंगे। आठ दिन बीत गए इस बात को। विधानसभा का सत्र चल रहा है पर कांग्रेस का विधानमंडल नेतृत्वहीन ही है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि आलाकमान को सभी छह विधायकों के पार्टी में बने रहने का ही भरोसा नहीं है। डर है कि अप्रैल में राज्यसभा चुनाव में कुछ विधायक क्रास वोटिंग न कर दें। इसलिए फैसले को लटका कर रखा है ताकि हर किसी को आस रहे कि उसे भी मिल सकता है नेता बनने का अवसर।*

### सांसद एक, बैठक अनेक

*संसद के बजट सत्र का पहला हिस्सा पूर्ण पूर्ण हो गया है, लेकिन अब माननीयों के सिर पर संसदीय समितियों की बैठकों का ताजा कार्यक्रम मंडरा रहा है। संसदीय कार्य पूर्ण करने के लिए इन समितियों का गठन किया जाता है, और एक-एक सांसद के पास कई समितियों के सदस्य का कार्यभार होता है। इन समितियों को सदन द्वारा कामकाज पर अपनी रपट तैयार करके देनी होती है। समितियों की बैठकों का दौर अगले हफ्ते से शुरू होगा। एक सांसद ने बताया कि वे तीन से चार समितियों के सदस्य हैं और उनके पास सभी समितियों की बैठकों के कार्यक्रम की जानकारी भेजी गई है। लगभग एक ही समय पर ये बैठकें तय की गई हैं। इस वजह से सांसदों का इनमें शामिल होना मुश्किल है।*



### चिंतित शरद पवार

*शरद पवार चिंतित बताए जा रहे हैं। चिंता के पीछे पार्टी टूटने का डर है। उनकी पार्टी के आठ लोकसभा सांसद हैं। हैं। सुप्रिया सुले और अमोल कोल्हे को छोड़ बाकी सांसद देवेंद्र फडणवीस के संपर्क में बताए जा रहे हैं। तभी शरद पवार राकांपा के दोनों धड़ों का विलय कर राजग के साथ आने की जुगत बिठा रहे हैं। भाजपा आलाकमान भी इसके लिए राजी बताया जा रहा है क्योंकि राकांपा (शरद) के आठ सांसदों का समर्थन मिलने से सरकार की जद (एकी) और तेदेपा पर निर्भरता घटेगी। पवार तब अपनी बेटी सुप्रिया सुले को केंद्र में मंत्री बनवा लेंगे। पर खुद देवेंद्र फडणवीस नहीं चाहते कि राकांपा के दोनों धड़ों का विलय हो। सुनेत्रा पवार को तभी आनन-फानन में शपथ दिलाई गई। फिलहाल शरद पवार अजित के दोनों बेटों के संपर्क में हैं और कोशिश पवार खानदान को एकजुट करने की जारी रखे हैं। दुविधा यह है कि अजित पवार की पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे और धनंजय मुंडे भी विलय के खिलाफ हैं। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि मराठा क्षत्रप शरद पवार के गौतम अडाणी से करीब रिश्ते हैं।*

### ममता की नरमी

*संसद सत्र हो या कोई अन्य राजनीतिक मंच, ममता बनर्जी के अंदाज-ए-बयां पर सबकी नजर होती है। क्षेत्रीय क्षत्रपों में उनका मुकाबला किसी से नहीं है। बजट सत्र के दौरान सियासी हलकों में यह सवाल तेजी से उछल रहा है कि तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव से खुद को अलग क्यों रखा ? जबकि बंगाल में तो असली मुकाबला तृणमूल का भाजपा से ही है। जानकार बता रहे हैं कि ममता बनर्जी प्रधानमंत्री के प्रति आक्रामक नहीं हैं। सियासी लड़ाई अपनी जगह है, पर अंदरखाने तो वे कांग्रेस को कमजोर कर भाजपा के एजेंडे को ही आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने लेफ्ट या कांग्रेस से तालमेल न करने का एलान पहले ही कर रखा है। ममता की भाजपा के प्रति सद्भाव की नीति का ही असर है कि ईडी के मामले में उनके खिलाफ केंद्र सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि उन्होंने छापे का न केवल विरोध किया था, बल्कि ईडी अधिकारियों के हाथ से पेन ड्राइव और लैपटाप भी छीन कर ले गई थीं। उनके द्वारा पैदा किए गए हालात के बाद यहां तक कहा जा रहा था कि केंद्र इसके लिए उनकी सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा सकता है। पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। एक और वजह यह बताई जा रही है कि ओम बिरला राजस्थान के हैं। बंगाल में राजस्थानी मूल के काफी मतदाता हैं। उनकी नाराजगी का खतरा क्यूं मोल लेती बिरला का विरोध करके तृणमूल कांग्रेस।*

**संकलन - मृणाल वल्लरी**

## रविवारीय डेस्क

# जेल में कैदियों की डिमांड पर राजपाल यादव सुना रहे चुटकुले

**नई दिल्ली। एजेंसी।** तिहाड़ जेल में बंद कैदी इन दिनों बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को अपने बीच पाकर गदगद हैं। गुरुवार को जेल प्रशासनिक सूत्र ने बताया कि करीब 9 करोड़ के चेक बाउंस मामले में जेल में हैं राजपाल यादव जेल नंबर-2 में हैं। वह पहले 24 घंटे बेहद शांत थे, लेकिन अब कैदियों को हंसी ठहाके लगवा रहे हैं। बीच-बीच में कैदियों की डिमांड पर राजपाल यादव अपनी फिल्मों के कॉमेडी डायलॉग सुनाने लगते हैं। वह आम कैदी की तरह रह रहे हैं।

**चेक बाउंस मामले में जेल में है राजपाल यादव**

सूत्रों ने बताया कि राजपाल यादव ने किसी तरह से अपने लिए बाहर से सुविधा लेने की रिक्रेस्ट नहीं की है। वह रात को 10 बजे तक सो जाते हैं, सुबह 5-6 बजे के बीच उठ जाते हैं। सूत्रों ने बताया कि दिन के समय अधिकतर कैदी उनकी झलक पाने की सोचते है.

**आम कैदी की तरह ही रह रहे हैं राजपाल**

सूत्रों ने बताया कि दिन के समय अधिकतर कैदी उनकी झलक पाने और पास आने की कोशिश में रहते हैं।

किसी भी बंदी की तरह राजपाल यादव को भी जेल मैनुअल के अनुसार ही रहना पड़ रहा है उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके चाहने वाले मदद को आगे आए और पास आने की कोशिश में रहते हैं। उन्हें देखते ही बाकी कैदियों के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। राजपाल यादव को करीब 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में जेल जाना पड़ा है। जेल की सलाखों के पीछे राजपाल यादव के पहुंचने पर सोशल मीडिया में यह खबर वायरल हुई तो उनके चाहने वाले मदद को आगे आने लगे।

सूत्रों के मुताबिक, राजपाल यादव को सुबह बैरक से बाहर निकलने दिया जाता है। उनके फ्रेश होने के बाद चाय और नाश्ता दिया जाता है। दिन भर जेल के अंदर रहने के बाद शाम 7 बजे उन्हें रात का खाना दिया जाता है।

जेल मैनुअल के अनुसार ही रह रहे है राजपाल: खाने-पीने की व्यवस्था जेल की ओर से तय मेन्यू के मुताबिक मिल रही है, जिसमें दाल, सब्जी, रोटी और चावल शामिल होते हैं। सूत्रों ने बताया कि राजपाल यादव पूछने पर बेहिचक कैदियों को जेल में आने के पीछे की परिस्थिति को बता देते हैं। उन्होंने अपनी बैरक के कैदियों को यहां तक कहा कि अच्छे समय में सब साथी थे, लेकिन समय खराब आया तो किसी ने मदद नहीं की।






वह पूछने पर कैदियों को यह भी बताते हैं कि उनकी नीयत बेईमानी की नहीं थी लेकिन हालात ने उन्हें जेल की सलाखों तक पहुंचा दिया। किसी भी बंदी की तरह राजपाल यादव को भी जेल मैनुअल के अनुसार ही रहना पड़ रहा है। सुबह तय समय पर उठना, हाजिरी, साफ-सफाई और निर्धारित रूटीन का पालन, इन सब में कोई ढील नहीं है।

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** सुस्त माँग से शनिवार को किराना जिंसों में शक्कर सुस्त पड़ी। लौंग में बाजार मजबूती के रहे। खाद्य तेलों में व्यापार अच्छा रहा। तिलहनों में सोयाबीन मजबूती पर रहा। दलहनों में मूंग बाजार तेजी के रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार शक्कर में पूछपरख ठंडी रहने से भावों में नरमी रही। लौंग में बाजार मजबूती पर रहे। खाद्य तेलों में व्यापार अच्दा रहा। तिलहनों में सोयाबीन सुर्ख रहा। दलहनों में मूंग बाजार उछल गये। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4050-4120, खोपरा गोला 320-380, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1200-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 2750-2900, विरूद्ध नगर 2800-2850, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3350, एक्ट्रा बोल्ड 3350-3450, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1575-1850, बेस्ट1900-2100, तरबूज मगज 490-550, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 860-900, कैलिफोंनिया 780-795, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-3100, (160) 3300-3500, (200) 3900-4100, (250) 4600-5000

**तेल**- सींगदाना 1760-1780, मुम्बई 1780, राजकोट तेलिया 2770, सोया साल्वेंट 1285-1290, सोया रिफाइंड 1340-1350, कपास्या 1290, धूलिया 1295, कड़ी 1300,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1725-1750, मुम्बई पाम 1300, मुम्बई सोया 1380,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2325, देवास-उज्जैन 2325, खंडवा-बुरहानपुर 2300, अकोला 3600 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6000-6200, रायडा 5300-5700, सोयाबीन 5300-5350, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5600, एवरेज 5450-5500, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5600-5650, एवरेज 5500, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, हल्की 7000-7100, तुअर महाराष्ट्र 7800-8000, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8400-8500, शंकर 8200-8300, हल्की 8000-8100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7500-7800, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार बने रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चॉंदी (9999) 251000, चॉंदी (99) 250000, टंच 249000, सिक्का 2800, सोना 10 ग्राम 158500,

# जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 2,000 करोड़ रुपये का कोष

**नई दिल्ली। एजेंसी।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जैव द्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषदङ्क अनुसंधान, विकास एवं नवाचार (बाइरैक-आरडीआई) कोष की शुरुआत की। इस कोष के माध्यम से जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक) क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए पांच साल की अवधि में 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ?कि इस कोष का उद्देश्य प्रयोगशाला अनुसंधान और औद्योगिक विनिर्माण के बीच के अंतर को पाटना है। इसके तहत टीआरएल-4 से टीआरएल-9 तक की प्रौद्योगिकियों को इक्विटी, परिवर्तनीय उपकरणों और दीर्घकालिक ऋष्रा के माध्यम से सहायता दी जाएगी। पात्र स्टार्टअप, एसएमई और उद्योग भागीदार आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार-चढ़ाव, शुरुआती तेजी के बाद गिरावट

**वैश्विक कमजोर संकेत और एआई से जुड़ी चिंताओं ने सप्ताह के आखिर में बाजार की तेजी पर ब्रेक लगाया**

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार तक समाप्त हुए सप्ताह में मिश्रित रुझान दिखाया। सप्ताह की शुरुआत में सकारात्मक आर्थिक संकेत और भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौतों की उम्मीद से निवेशकों का मनोबल ऊंचा रहा, लेकिन सप्ताह के अंत तक वैश्विक कमजोर संकेतों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी संभावित व्यवधानों की चिंताओं के कारण बाजार ने गिरावट दर्ज की। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। विदेशी निधियों के प्रवाह और एशियाई बाजारों की मजबूती ने निवेशकों के मनोबल को बढ़ाया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 415.97 अंक बढ़कर 83,996.37 पर पहुंचा, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 126.05 अंक बढ़कर 25,819.75 पर पहुंच गया। दिन के अंत में सेंसेक्स 485.35 अंक की बढ़त के साथ 84,065.75 पर और निफ्टी 173.60 अंक की बढ़त के साथ 25,867.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को भी बाजार की गति बनी रही। एशियाई बाजारों के सकारात्मक रुझान और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार ढांचे पर आशावाद ने निवेशकों का उत्साह बनाए रखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 247.01 अंक बढ़कर 84,312.76 पर और निफ्टी 80.25 अंक बढ़कर 25,947.55 पर पहुंच गया। बुधवार को बाजार में शुरुआती तेजी देखी गई, सेंसेक्स 213.42 अंक बढ़कर 84,487.34 पर और निफ्टी 74.25 अंक बढ़कर 26,009.40 पर पहुंच गया। हालांकि, उच्च स्तर पर मुनाफा लेने की प्रवृत्ति ने दोनों सूचकांकों में अस्थिरता ला दी। दिन के अंत में सेंसेक्स 40.28 अंक गिरकर 84,233.64 पर और निफ्टी 18.70 अंक बढ़कर 25,953.85 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को बाजार में तेज गिरावट देखी गई। कमजोर वैश्विक संकेतों और एआई से जुड़े व्यवधानों की बढ़ती चिंताओं के कारण निवेशकों की भावना नकारात्मक रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 883.4 अंक गिरकर 82,791.52 पर और निफ्टी 262.60 अंक गिरकर 25,544.60 पर पहुंच गया।




# रेलवे ने ई-टिकटिंग में फर्जी बुकिंग और साइबर अपराधों पर लगाई रोक

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने 2025 में ई-टिकटिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए 3.03 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी बंद कर दी हैं। दिसंबर तक के पिछले छह महीनों में 60.43 अरब फर्जी बुकिंग प्रयास रोके गए। इससे असली यात्रियों को पहले आधे घंटे में टिकट आसानी से मिलना शुरू हुआ। पहले दलाल आधे घंटे में सारी बुकिंग कर लेते थे, जिससे आम यात्रियों को समस्या होती थी। रेलवे ने बुकिंग प्रणाली में आधार लिंकिंग और ओटीपी को अनिवार्य किया है। बुकिंग शुरू करने से पहले आधार नंबर डालना होता है और लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी आता है। केवल सही ओटीपी डालने पर बुकिंग प्रोसेस आगे बढ़ता है। इससे एक व्यक्ति के 10ङ्क20 फर्जी अकाउंट बनाना लगभग असंभव हो गया। जुलाई 2025 से यह सिस्टम कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण लगा चुका है। ई-टिकटिंग वेबसाइट पर कई स्तरों पर कैपटेक लगाया गया है, जिसे कंप्यूटर प्रोग्राम क्रैक नहीं कर सकते। अकामाई एंटी-बॉट टूल फर्जी ट्रैफिक तुरंत पकड़ता है। वेबसाइट तेज लोड के लिए सीडीएन का इस्तेमाल है। साथ ही नेटवर्क फायरवॉल, आईपीएस और डब्ल्यूएफ 24 गु ?णित 7 सतर्क हैं। आईएसपी स्तर पर 30 जीबीपीएस डीडीओएस मिटिगेशन मौजूद है। रेलटेल डार्क वेब स्कैनिंग करता है। चाणक्यपुरी डेटा सेंटर सीसीटीवी और आईएसओ 27001 सर्टिफाइड है। सीईआरटी-इन 24म7 निगरानी रखता है और नियमित ऑडिट करता है। शक के आधार पर 12,819 ईमेल डोमेन ब्लॉक किए गए और 3.99 लाख फर्जी बुकिंग पकड़ी गईं।




# भारत में सऊदी तेल आयात में तेजी, रूस पर निर्भरता घटने लगी

**फरवरी में सऊदी सप्लाई बढ़ी, हर दिन भेजा 11.3 लाख बैरल क्रूड**

**नई दिल्ली। एजेंसी।** वैश्विक शिप ट्रैकिंग फर्म केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी के पहले 10 दिनों में भारत ने सऊदी अरब से औसतन 11.3 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया। वहीं रूस से सप्लाई 10.9 लाख बीपीडी रही। यह करीब एक साल बाद सऊदी अरब की सप्लाई 10 लाख बीपीडी के पार जाने का संकेत है। जनवरी में भारत ने रूस से 11.4 लाख बीपीडी, इराक से 10.3 लाख बीपीडी और सऊदी अरब से केवल 7.74 लाख बीपीडी* तेल आयात किया था। विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी की शुरुआत में ही सऊदी की सप्लाई बढ़ने और रूस की सप्लाई घटने की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। हाल ही में अमेरिका ने भारत पर प्रस्तावित रेसिप्रोकल टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीद पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया। इससे भारत को रूस पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करने का अवसर मिला। भारत अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात करता है और यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार है। देश की रिफाइनिंग क्षमता 258 मिलियन टन प्रति वर्ष है, जो 2030 तक 309 मिलियन टन से अधिक होने की उम्मीद है। सऊदी अरब ने अपने तेल की कीमतों को ओमान और दुबई ग्रेड के बराबर कर दिया, ट्रांसपोर्ट लागत कम हुई और पश्चिम एशिया से डिलीवरी सिर्फ तीन दिन में हो रही है। इसके अलावा, सऊदी के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे जरूरत पड़ने पर तेजी से सप्लाई बढ़ाई जा सकती है। भू-राजनीतिक दबाव और अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए सप्लाई स्रोतों में विविधता ला रहा है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि आने वाले महीनों में भारत के तेल आयात मानचित्र में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।




**मेष**- आज बेवजह क्रोध से दूर रहें, वरना यह आपके मन को आग की तरह जलाएगा और फैसले गलत हो जाएंगे। कामों की तारीफ सुनने को मिलेगी। बॉस या सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे, जो आत्मविश्वास को नई उड़ान देगी। सांसारिक सुख भोग के साधन बढ़ेंगे। नया फर्नीचर, गैजेट या आरामदायक यात्रा आपके जीवन को रंगीन बनाएगी। आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलें, हर खर्च पर नजर रखें ताकि वित्तीय संतुलन बना रहे। जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं।

**वृषभ**- राजनीति या महत्वाकांक्षी क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए सावधानी का दिन है। बेवजह थकान महसूस होगी। शरीर भारी लगेगा, लेकिन काम समय पर निपटाएं ताकि पीछे न रहें। सेहत को लेकर किसी अनुभवी डॉक्टर से परामर्श लें, छोटी समस्या बढ़कर जटिल न हो जाए। किसी के बहकावे में निवेश न करें। जोखिम भरी स्कीम्स से दूर रहें, वित्तीय नुकसान हो सकता है।

**मिथुन**- खुशियों से परिपूर्ण दिन। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। डूबा हुआ धन वापस मिलेगा, जैसे पुराना लोन क्लियर होना। पैतृक संपत्ति का मुकदमा खत्म होगा, कानूनी राहत से मन प्रसन्न। किसी परिजन के लिए रुपयों का इंतजाम करेंगे। उदारता रिश्ते मजबूत करेगी। माता-पिता या उनके आशीर्वाद से रुका काम पूरा होगा। प्रोजेक्ट या डील फाइनल होगी। घूमने-फिरने पर जाएं तो कीमती सामान सुरक्षित रखें।

**कर्क**- सुखद परिणाम लाने वाला दिन। धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। व्यर्थ खर्च से बचें। पिताजी आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। उनकी भावनाओं का सम्मान करें। बॉस का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सराहना और मदद मिलेगी। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं। घरेलू बातचीत से रक्त संबंध मजबूत होंगे। बिजनेस योजनाओं में बदलाव करेंगे, अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें ताकि निर्णय सही हों।

**सिंह**- सामान्य लेकिन सक्रिय दिन रहेगा। खाली बैठने से बचें। समय का सदुपयोग करें। विदेशों में पढ़ाई की इच्छा रखने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप या एडमिशन का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के लिए सरप्राइज प्लान करेंगे। गिफ्ट या स्पेशल डेट मिलेगी। रुके धन को निकालने की कोशिश जारी रखें। फॉलो-अप करें। कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती।

**कन्या**- बढ़िया और खुशनुमा दिन रहेगा। घर में किसी अतिथि का आगमन माहौल को जश्न जैसा बना देगा। स्वागत की तैयारियां पूरी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन आपकी हिम्मत डगमगाएगी नहीं। अंदरूनी ऊर्जा से खुश रहेंगे। कार्यक्षमता चरम पर होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। अचानक लाभ के योग है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बाधा दूर होगी।

**तुला**- आज का दिन तनाव से भरा रहेगा, जैसे हल्की आंधी जो मन को उदास कर दें। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ेगा। मीटिंग्स, डेडलाइन्स सब एक साथ दबाव बनाएंगे, जो आपकी चिंताओं को और गहरा कर देंगे। आप अपने मनमौजी स्वभाव पर विचार करेंगे, उसे काबू में लाने की कोशिश करेंगे ताकि फैसले स्पष्ट हों। अच्छे खान-पान का मजा लेंगे। घर का ताजा भोजन या फेवरेट डिश आपको थोड़ी राहत देगी।

**वृश्चिक**- ठीक-ठाक दिन नए अवसरों से सजा होगा। कामकाज में ताजगी आएगी। नया प्रोजेक्ट या प्रमोशन की झलक मिलेगी, जो आपके करियर को नई दिशा देगी। यात्रा की तैयारी शुरू करेंगे, शायद छोटी ट्रिप या बिजनेस टूर जो रोमांचक साबित होगा। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। मंदिर दर्शन या पूजा से मन शांत होगा।

**धनु**- वैवाहिक जीवन के लिए दिन सुनहरा रहेगा। जीवनसाथी को करियर में तरक्की मिलेगी। प्रमोशन, सैलरी हाइक या नई जिम्मेदारी जो घर में खुशी लाएगी। आसपास रहने वालों को अच्छी तरह पहचानें। दोस्तों या सहकर्मियों की सच्चाई परखें। आपकी निर्णय क्षमता चरम पर होगी, हर चुनौती का सही समाधान मिलेगा। पिताजी आपके कामों से गदगद होंगे।

**मकर**- दिन अनुकूल दिन और भाई-बहनों के सहयोग से चलेगा। वे हर कदम पर आपके साथ खड़े मिलेंगे। सलाह या मदद से मुश्किलें आसान होंगी। आर्थिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतें। खर्च पर नजर रखें, निवेश सोचकर करें। आलस्य की लापरवाही बिल्कुल न बरतें, सक्रिय रहें ताकि मौके हाथ न छूटें। नौकरी में बदलाव की योजना बनाएंगे।

**कुंभ**- इनकम के लिहाज से शानदार दिन। आय के नए स्रोत खुलेंगे। बोनस, साइड इनकम या पेमेंट क्लियर। दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा।उनकी मदद से प्लान्स सफल होंगे। अपनी वाणी से लोगों का दिल जीतेंगे। मीटिंग्स या बातचीत में चार्म काम आएगा। नए काम की शुरुआत सोच-समझकर करें। रिस्क एनालिसिस जरूरी। विद्यार्थी जो पढ़ाई से परेशान थे, गुरुओं से बात करके समस्या हल करेंगे। मेंटर की गाइडेंस राहत देगी। संतान से मन की इच्छा पर खुलकर बातचीत होगी।

**मीन**- सेहत में हल्की गड़बड़ी संभव। पेट या सिरदर्द जैसी समस्या, इसलिए पूरी सावधानी बरतें, दवाइयां समय पर लें। कोई जरूरी काम पूरा होते-होते लटक सकता है। डेडलाइन मिस होने से तनाव बढ़ेगा। अगर कोई खास वस्तु खो गई थी, तो आज मिल जाएगी। खुशी का सरप्राइज।

## शब्दजाल - 8171

*शब्द जाल में उन 10 देशों के नाम ढूंढिए जिन्होंने यूरो कप-2004 में भाग लिया था. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | पु | र्त | गा | ल | ह | ट | झ | क | स्वि |
| यू | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | ट |
| ना | र | ह | इं | ग्लैं | ड | ज | बे | ला | ल | ज |
| न | म | दा | लैं | ल | क | र्म | हा | दा | र | र |
| व | रा | र | ड | हा | मि | नी | चि | स | र | लैं |
| ह | बु | प | व | दा | ला | ट | वि | या | न | ड |
| ट | ल्गा | डे | अं | र | वी | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | रि | वा | न | क | छ | सौ | न | हा | लैं | ड |
| स | या | तें | व | मा | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | र्क | ऐ | स्वी | ड | न | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

पुर्तगाल, हालैंड, यूनान, स्वीडन, डेनमार्क, इंग्लैंड, जर्मनी, बुल्गारिया, लाटविया, स्विटजरलैंड

## शब्दजाल - 8170 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | अ | मे | अ | आ | स्ट्रे | लि | या | र | प | जा |
| न | ट | क | मे | इं | ड्रो | ने | ग | ति | मा | पा |
| अ | दा | ली | रि | मा | ग | ची | द | ह | प | न |
| जी | ग | ल | का | द | न | स | न | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | क्षि | मे | ह | का | न | दे |
| ज | र्म | नी | र | व | प | ण | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | ग्री | ला | को | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | ट | रा | रि | वि | ला |
| क | फ्रां | बा | रू | स | का | र | ब्रि | न | या | दे |
| र | स | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | टे | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | न | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**15 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.25 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मीन | 08.02 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.33 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.13 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.11 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.24 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.41 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 19.52 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.03 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.18 ब.से |
| 4.30 से 6.00 | | धनु | 02.34 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 04.39 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 46 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 17.05 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 19.48 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 02.47 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 17.05 बजे तदनन्तर विष्टि 05.24 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 45' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872621 **जूलियन दिन** 2461086.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 26 **विशेष** महाशिवरात्रि व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7115



**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 7114**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: दोस्ती की राह

एक बार डेल कार्नेगी रेडियो पर लिंकन के विषय में बोलते हुए उनकी जन्मतिथि गलत बता गए। अगले दिन अनेक श्रोताओं के गुस्से से भरे खत उनके पास पहुंचे। एक खत में तो उनके लिए अनेक अपशब्द लिखे थे। नाराज होकर कार्नेगी ने भी उस श्रोता को काफी कड़ा पत्र लिख डाला, लेकिन रात होने के कारण वह खत भेज नहीं पाए। सुबह उन्हें लगा कि खत में बहुत अधिक अपशब्द लिख दिए गए हैं। उन्होंने फिर से खत लिखना शुरू किया। पढ़ने पर उन्होंने पाया कि उस खत में लिखे गए शब्द पहले वाले खत से विनम्र थे। उन्होंने सोचा कि क्यों न एक दिन और रुक जाऊं। अगले दिन उन्होंने सोचा कि उस श्रोता ने जवाब मांगा ही नहीं है तो फिर वह उसे बेवजह नाराजगी भरा खत लिख रहे हैं। उन्होंने खत को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। दो-तीन बाद उन्हें ख्याल आया कि वह उस श्रोता को अपना मित्र बना सकते हैं। उन्होंने श्रोता को अपनी ओर से दोस्ती भरा पत्र लिखा। जवाब में उस श्रोता ने अपने पहले खत के लिए क्षमा मांगी और कहा कि गलती किसी से भी हो सकती है। इस पर डेल कार्नेगी ने लिखा, ' समय बीत जाने पर हमारा उबाल कम हो जाता है। इसलिए हमें तत्काल प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए। इससे अनेक अप्रिय स्थितियों और टकरावों को रोका सकता है। यदि मैंने उसी दिन उस पत्र का जवाब दे दिया होता तो मैं एक व्यक्ति को अपना दुश्मन बना बैठता, जबकि आज वह मेरा मित्र है।'

## सूडोकु नवताल- 7424

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7423 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 8639



**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

**शब्द पहेली -8638 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# आज महाशिवरात्रि : कोटेश्वर महादेव में रात्रि से ही भक्तों की लगी रहेगी भीड़

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लांजी।

धर्म नगरी लांजी में प्राकृतिक छटा बिखेरती सुरमयी वादियों के मध्य आदिकाल से साक्षात भगवान श्री कोटेश्वर महादेव का वास है प्राचीन सिद्धपीठ एवं 108 उपलिंगो में से एक बाबा कोटश्वर महादेव की महिमा का संपुर्ण जिले तथा आस पास के पडोसी राज्य में गुणगान व्याप्त है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कोटेश्वर धाम में बसें भगवान श्री कोटेश्वर महादेव की पुजा अर्चना करनें के लिये हजारो की संख्या मे श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पडती है। प्रत्येक वर्षो से देखा जा रहा है की रात्रि मे 12 बजें के बाद से ही श्रद्धालु भक्त गणो की कतारदर्शन हेतू लगने लगती और जैसे जैसे भोर होती है वैसे वैसे दर्शनार्थियो की संध्या में लगातार बढोतरी नजर आने लगती है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान शिव कि पुजा अर्चना कर मनवांछित फल प्राप्त किया जाता है एवं लांजी का यह सुप्रसिद्ध कोटेश्वर धाम सिद्धपीठ होने के कारण हजारों कि संध्या में भक्त गणों के द्वारा निरंतर कोटेश्वर महादेव का जल, दुध, दही, एवं अन्य पदार्थो से अभिषेक कर अपनी अपनी इच्छाओं की पुर्ति की जाती है।





### कोटेश्वर धाम परिसर को आकर्षक फुल मालाओं, रंग बिरंगी रोशनी से साज सज्जित

नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। समाज सेवी एवं शिव भक्ति राजेश अग्रवाल एवं परिवार के द्वारा मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र शिवमय वातावरण में डूबा नजर आ रहा है।

शिव भक्त राजेश अग्रवाल एवं परिवार के द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। दर्शनार्थियों के लिए अलग-अलग कतारें, पेयजल व्यवस्था की गई है तथा राजेश अग्रवाल एवं परिवार के द्वारा महाशिवरात्री के अवसर पर प्रतिवर्ष फल आदि का प्रसाद रूपी वितरण किया जायेगा। प्रशासन के द्वारा प्राथमिक उपचार केंद्र तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस व्यवस्था की गई है। जिसका जायेगा एसडीओपी ओमप्रकाश, एसडीएम कमलचंद सिंहसार, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार, नायब तहसीलदार संजय बारस्कर सहित अन्य अधिकारियों ने लिया है।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रात:काल से ही जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक का सिलसिला प्रारंभ होगा। दिनभर 卐हर-हर महादेव卐 और 卐बोल बम卐 के जयकारों से पूरा धाम गूंजायमान रहेगा। रात्रि में संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा शिव भक्ति शिव शक्ति केन्द्रीत विशेष नृत्य नाटिका, गायन, लोक संगीत, लोक नृत्य मनमोहक प्रस्तुतियॉ दी जावेगी। वहीं स्थानीय प्रशासन एवं नगर परिषद लांजी के द्वारा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग स्थल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता देते हुए नगर परिषद द्वारा लगातार साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

गौरतलब है कि कोटेश्वर धाम लांजी क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहाँ वर्षभर श्रद्धालुओं का आगमन बना रहता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहाँ विशेष धार्मिक उल्लास देखने को मिलता है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

# डिवाइडर निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता

## पार्षद पूनम शरद असाटकर ने कलेक्टर बालाघाट को शिकायत कर की जांच कार्यवाही की मांग

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर परिषद लांजी वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद पूनम शरद असाटकर ने जिला कलेक्टर को शिकायत कर लांजी नगर में निर्माणाधीन डिवाइडर कार्य की जांच करवाकर ठेकेदार एवं इंजीनियर सहित दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद पूनम शरद असाटकर ने कलेक्टर बालाघाट को की अपनी शिकायत में बताया कि लांजी नगर में वर्तमान में संचालित डिवाइडर निर्माण कार्य अनुमान एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है तथा निर्माण सामग्री एवं कार्यप्रणाली में स्पष्ट अनियमितताएँ परिलक्षित हो रही हैं। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार के मध्य समुचित समन्वय का अभाव है, जिसके परिणामस्वरूप कार्य अव्यवस्थित एवं लापरवाहीपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। इस प्रकार का गुणवत्ताहीन निर्माण भविष्य में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर सकता है, जिससे आमजन की जान-माल को भारी क्षति होने की आशंका है। यह स्थिति न केवल शासकीय धन के दुरुपयोग की ओर संकेत करती है, बल्कि जनहित की घोर उपेक्षा भी दर्शाती है। आपने जिला कलेक्टर से निवेदन किया है कि शिकायत की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी अधिकारियों/ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण कार्य को जनहित में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप पुन: संपादित कराया जाए।





# दुल्हापुर प्रकरण में लांजी एसडीएम-तहसीलदार कलेक्टर एवं राज्य शासन को कर रहे गुमराह- पूर्व विधायक किशोर समरीते

## खंडन को बताया पुराना प्रशासनिक तरीका, दिव्यांग भाई-बहन की मदद की मांग

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने 13 फरवरी 2026 को जनसंपर्क कार्यालय बालाघाट द्वारा दुल्हापुर प्रकरण में जारी खंडन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह प्रशासन का अंग्रेजों के समय का पुराना तरीका है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान का राज है और किसी भी घटना की जांच व पंचनामा कार्यवाही बार-बार नहीं होती। श्री समरीते ने कहा कि लांजी एसडीएम एवं तहसीलदार दुल्हापुर प्रकरण में कलेक्टर को गुमराह कर रहे हैं, जो गंभीर जांच का विषय है। उन्होंने मांग की कि संबंधित अधिकारियों की टूर डायरी की जांच की जाए, यह देखा जाए कि पटवारी ने कितनी बार मौका निरीक्षण किया और संबंधित मकान का निर्माण ग्राम पंचायत दुल्हापुर एवं नगर निवेश की अनुमति से किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि बिना डायवर्सन कराए मकान निर्माण कराना गैरकानूनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार में दो सदस्य जन्म से दिव्यांग हैं और उनके पास आजीविका का कोई साधन नहीं है। ऐसे में प्रशासन को कमजोर पक्ष के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि खंडन जारी करना चाहिए। समरीते ने मांग की कि दुल्हापुर के पटवारी के बस्ते जब्त कर जांच की जाए तथा ग्राम पंचायत सचिव की भूमिका की भी जांच हो। श्री समरीते ने संविधान के अनुच्छेद 41, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 तथा संबंधित धाराओं का हवाला देते हुए कहा कि सरकार को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजनों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग भी की। इधर दुल्हापुर निवासी उर्वशी पति स्व. सावालाल बरगैया एवं उनके पुत्र ईश्वर बरगैया और मीना बरगैया ने कहा कि उन्होंने किसी को गुमराह नहीं किया है। उनका आरोप है कि अनावेदक सुखदेव बरगैया एवं उसके परिजन प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के समय कार्य बंद कर देते हैं और अधिकारियों के जाने के बाद पुन: कार्य प्रारंभ कर देते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत तथा दोनों दिव्यांग भाई-बहन के लिए रोजगार सहायता की मांग की ।





# बोल बम सेवा समिति लांजी के द्वारा निश्शुल्क ऑटो रिक्शा सेवा

## बस स्टैण्ड लांजी से कोटेश्वर धाम तक यात्रियों का आवागमन निश्शुल्क

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज 15 फरवरी 2026 को कोटेश्वर धाम में भक्तो का दर्शनार्थियो का मेला दिखाई देगा। बडी संख्या में दर्शनार्थी लांजी पंहुचकर कोटेश्वर महादेव के दरबार में पंहुचकर अपनी हाजरी लगाते है तथा मन वांछित फल की प्राप्ती के लिये मनोकामना करते है। इसी कड़ी में बोल बम सेवा समिति लांजी




द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज महाशिवरात्रि के अवसर पर कोटेश्वर धाम जाने वाले दर्शनार्थियो के लिये बस स्टैण्ड लांजी से कोटेश्वर धाम तक निश्शुल्क ऑटो रिक्शा सेवा का संचालन किया जायेगा। इस सेवा में 5 ऑटो रिक्शा लगाये गये है जो कि प्रात: 7 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार दर्शनार्थियो की सेवा में रहेंगे। कोटेश्वर धाम जाने वाले एवं वहां से बस स्टैण्ड लांजी तक आने वाले सभी के लिये यह सेवा निश्शुल्क होगी। बोल बम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यो ने सभी धर्म प्रेमी भक्तों, दर्शनार्थियो से अपील की है कि उक्त सेवा का भरपुर लाभ प्राप्त करें।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाडली बहनों के खातों में अंतरित की 33 वीं किश्त की राशि

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 फरवरी को खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा फंदाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 33 वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 212 लाड़ली बहनों के खाते में 50 करोड़ 13 लाख 56 हजार 100 रुपए की राशि प्राप्त हुई है । खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण दिखाया गया।

लाड़ली बहना योजना की 33 वीं किश्त के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 442 बहनों के खाते में 02 करोड़ 82 लाख 73 हजार 200 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 299 बहनों के खाते में 05 करोड़ 41 लाख 78 हजार रुपये, विकासखंड बिरसा की 26 हजार 957 बहनों के खाते में 03 करोड़ 94 लाख 54 हजार 300 रुपये, विकासखंड कटंगी की 34 हजार 671 बहनों के खाते में 05 करोड़ 04 लाख 21 हजार 400 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 269 बहनों के खाते में 04 करोड़ 56 लाख 92 हजार रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 348 बहनों के खाते में 05 करोड़ 62 लाख 11 हजार 300 रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 230 बहनों के खाते में 05 करोड़ 42 लाख 500 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 188 बहनों के खाते में 05 करोड़ 59 लाख 38 हजार 500 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 132 बहनों के खाते में 03 करोड़ 20 लाख 84 हजार 100 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 32 हजार 862 बहनों के खाते में 04 करोड़ 77 लाख 96 हजार 600 रुपये की राशि जमा हुई है।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8805 बहनों के खाते में 01 करोड़ 26 लाख 83 हजार 200 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5809 बहनों के खाते में 83 लाख 43 हजार 200 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3746 बहनों के खाते में 53 लाख 84 हजार 300 रुपये, नगर परिषद बैहर की 2652 बहनों के खाते में 37 लाख 57 हजार 100 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2417 बहनों के खाते में 35 लाख 06 हजार 100 रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2385 बहनों के खाते में 34 लाख 82 हजार 300 रुपये की राशि जमा हुई है।

लाडली बहना योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 212 से अधिक बहनों को जून 2023 से योजना प्रारंभ होने से लेकर 14 फरवरी 2026 तक 1437 करोड़ 77 लाख रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह एक बड़ी राशि है और इसने जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इतनी बडी राशि के जिले में आने से जिले की अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है।

# लांजी पुलिस की कार्रवाई, 15 लीटर अवैध महुआ कच्ची शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के सख्त निर्देशों पर जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के व्यापार पर अंकुश लगाने की मुहिम तेज कर दी गई है। इसी क्रम में थाना लांजी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल हुई है।

थाना लांजी के ग्राम बगडी़ निवासी धेडूलाल टेकाम पिता बलीराम टेकाम, जाति गोंड, उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 14 फरवरी 2026 को 02 जरीकेन में कुल 15 लीटर अवैध देशी महुआ कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना लांजी में अपराध क्रमांक 41/2026 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला एवं एसडीओपी लांजी ओमप्रकाश के निर्देशन में की गई। टीम में थाना प्रभारी लांजी उनि. दीप सिंह परमार के नेतृत्व में सउनि. तोपसिंह उईके, प्र.आर 359 दीपक डोहरे, प्र.आर 1205 नरेन्द्र सोनवे, आर 648 विजय, आर 1089 रुपेन्द्र ठाकरे, आर 1159 पवन धाकड, आर 1238 आशुतोष सिंह एवं चालक आर.52 सुरेन्द्र चंदेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। अवैध शराब के व्यापारियों एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, उनकी गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी।



# 37 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** बहेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाघाटोला में एक 37 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका की पहचान सुखवंती पत्नी बेनीराम मड़ावी, निवासी वार्ड नंबर 18 बाघाटोला के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दर्ज मर्ग इंटीमेशन के अनुसार, घटना 13 फरवरी 2026 की रात 9 बजे से 14 फरवरी 2026 सुबह 11 बजे के बीच हुई। सूचना मिलने पर थाना बहेला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी मृतका के ससुर काशीराम मड़ावी उम्र 64 वर्ष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनका बड़ा बेटा बेनीराम मड़ावी 1 फरवरी 2026 को रोजगार के लिए हैदराबाद चला गया था। सुखवंती जुलाई 2025 में बेनीराम की दूसरी पत्नी के रूप में घर आई थीं। वह अपने कमरे में अकेले रहती थीं और ज्यादा किसी से बात नहीं करती थीं। 14 फरवरी सुबह करीब 11 बजे बेनीराम के बेटे चंद्रकुमार मड़ावी ने सुखवंती के कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि वह छप्पर की बल्ली में नायलॉन की रस्सी से बने फंदे पर लटकी हुई थीं। शरीर में कोई हलचल नहीं थी और मौत हो चुकी थी। परिवार ने इसे फांसी लगाकर आत्महत्या बताया। थाना बहेला के कार्यवाहक सउनि बिजू माम्मन जांच अधिकारी हैं, जबकि कार्यवाहक प्रआर 401 सुशील सहारे ने कायमी की है। आरक्षक 1189 कुमानसिंह मर्सकोले ने मर्ग इंटीमेशन थाने में दर्ज किया। घटनास्थल ग्राम बाघाटोला से थाने की दिशा उत्तर में करीब 8 किलोमीटर है। पुलिस ने शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। जांच में घरेलू परिस्थितियों, मानसिक स्थिति या अन्य किसी वजह की पड़ताल की जा रही है।



लांजी में ''पद्मेश''

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

*राज्य सरकार ने शुक्रवार आधी रात बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए 11 आईएएस और 4 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। नई लिस्ट के अनुसार, कई अहम विभागों में शीर्ष स्तर पर बदलाव हुआ है। 2009 बैच के मनीष सिंह को दोबारा जनसंपर्क आयुक्त बनाया गया है, जबकि अब तक जनसंपर्क की कमान संभाल रहे दीपक कुमार सक्सेना को आबकारी आयुक्त ग्वालियर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

## नई जिम्मेदारियों से नवाजे गए टास्क मास्टर्स...

# मनीष फिर लौटे जनसंपर्क में, दीपक को राजस्व बढ़ाने आबकारी का जिम्मा

भोपाल

परिवहन विभाग के सचिव और 2009 बैच के आईएएस मनीष सक्सेना पर अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी भरोसा जताया है। उन्हें एक बार फिर जनसंपर्क आयुक्त बनाया गया है साथ ही मध्यप्रदेश माध्यम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सचिव जेल को छोड़कर अन्य विभागों की जिम्मेदारी भी उनके पास पूर्ववत बनी रहेगी। इससे पहले भी वे शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में जनसंपर्क आयुक्त रहे थे। उनके सफल कार्यकाल को देखते हुए उन्हें फिर से यह जिम्मेदारी दी गई है। इससे पहले सुदाम खाड़े भी दो बार जनसंपर्क आयुक्त रह चुके हैं। इधर सरकार का खजाना भरने और आबकारी आय बढ़ाने के लिए दीपक सक्सेना को आबकारी आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंप कर उनका भी कद बढ़ाया गया है।एमपी सरकार ने रात डेढ़ बजे 11 आईएएस और राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अफसरों के तबादले आदेश जारी किए है। अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल से वन विभाग की जिम्मेदारी लेकर उन्हें स्वास्थ्य महकमें की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग का एसीएस बनाया गया है इसके साथ ही उन्हें भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। वे कृषि उत्पादन आयुक्त, एसीएस पर्यावरण, पर्यावरण आयुक्त औरमहानिदेशक एप्को का काम पूर्ववत देखते रहेंगे। उन्हीं आयुक्त खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। वहीं स्वास्थ्य आयुक्त के बदलाव के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को भी बदला गया है। 2000 बैच के आईएएस संदीप यादव से स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें वन विभाग के प्रमुख सचिव के साथ ही प्रवासी भारतीय विभाग में प्रमुख सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



दीपक सक्सेना

### अभिजीत अग्रवाल को विपणन संघ का जिम्मा

कृषि संचालक अजय गुप्ता को मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी की कमान सौंपी गई है। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल को अब मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ के एमडी की जिम्मेदारी दी गई है। उमाशंकर भार्गव को राजभवन से वापस बुलाते हुए संचालक कृषि बनाया गया है। सुनील दुबे को राज्यपाल का उपसचिव बनाया गया है। संघमित्रा गौतम को अलीराजपुर सीईओ, नंदा भलावे कुशरे को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान में अपर परियोजना संचालक और कमल सोलंकी को रायसेन सीईओ बनाया गया है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा में भी तबादले

आईएएस के साथ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में भी फेरबदल किया गया है। शाजापुर के अपर कलेक्टर भुरला सिंह सोलंकी को जिला पंचायत आगर मालवा का सीईओ, मिलिंद कुमार नामदेव को खरगोन और वीर सिंह चौहान को भिंड जिला पंचायत का सीईओ बनाया गया है। जबकि राकेश शर्मा को मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल का मुख्य महाप्रबंधक बनाया गया है।

### सौजन्य भेंट...



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को नवपदस्थ जनसंपर्क आयुक्त एवं प्रबंध संचालक, मप्र माध्यम मनीष सिंह ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।

#### भाजपा फॉर विकसित केरलम...

## भोपाल-ग्वालियर में भाजपा कार्यालयों का भ्रमण करेंगे केरल के पार्षद

भोपाल

'भाजपा फॉर विकसित केरलम' कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधि 14-15 फरवरी को मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान भोपाल और ग्वालियर में भाजपा के कार्यालयों का भ्रमण करेंगे। दौरे का प्रमुख उद्देश्य संगठनात्मक कार्यप्रणाली को समझना और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ उनके दायित्वा के अनुभव साझा करना रहेगा।

भोपाल में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दोपहर में भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचेगा। यहां महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के बाद मीडिया विभाग एवं विभिन्न मोर्चों के कार्यालयों का अवलोकन करेंगे। प्रतिनिधिगण पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और आईटी व मीडिया सेल की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा करेंगे। कार्यालय की दैनिक कार्यप्रणाली, समन्वय और कार्यक्रम प्रबंधन की व्यवस्था को भी नजदीक से देखेंगे।

प्रदेश भाजपा कार्यालय के अलावा यह प्रतिनिधिमंडल भोपाल नगर निगम की महापौर मालती राय सहित वरिष्ठ पार्षदों से भी संवाद करेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री आवास योजना, रिवरफ्रंट, झील पुनर्जीवन, शहरी परिवहन, जल संचयन एवं नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का अवलोकन करेंगे। साथ ही भोपाल नगर निगम की प्रमुख योजनाओं को समझने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का भ्रमण करेंगे। प्रतिनिधि मंडल स्मार्ट सिटी कमांड सेंटर का भी दौरा करेंगे और कार्यप्रणाली का अवलोकन करेंगे। इसी प्रकार रविवार को ग्वालियर में 13 सदस्सीय प्रतिनिधिमंडल महाराज बाड़ा स्थित भाजपा जिला कार्यालय मुखर्जी भवन पहुंचेगा। यहां जिला पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक कर संगठनात्मक ढांचे, प्रशिक्षण प्रणाली और जनहित अभियानों की जानकारी ली जाएगी।

## ड्रोन टेक्निक में एक्सपर्ट होगी एमपी पुलिस, इंदौर में बनेगा पहला RPTO

भोपाल

प्रदेश पुलिस आधुनिक तकनीक की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। पुलिस संचार विभाग अपने कर्मियों को ड्रोन तकनीक में प्रशिक्षित करेगा, ताकि ड्रोन का संचालन सुरक्षित, कानूनी और प्रभावी ढंग से किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य तकनीकी दक्षता के साथ इसे लेकर सुरक्षा-जोखिम कम करना और कृषि से लेकर आपदा प्रबंधन तक ड्रोन की उपयोगिता को मजबूत बनाना है।




**इंदौर पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान बनेगा प्रदेश का पहला आरपीटीओ**

इंदौर स्थित पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान प्रदेश पुलिस का पहला रीमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) बनाने की तैयारी में है। यहां एक बैच में 20 पायलटों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा। प्रशिक्षण डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगा और इसमें अलग-अलग प्रकार के ड्रोन के साथ व्यावहारिक अभ्यास शामिल रहेगा।

बताया जाता है कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करना, नवाचार को बढ़ावा देना और भारत को वैश्विक ड्रोन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में योगदान देना है। इसके जरिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर को भी बढ़ावा देना माना जा रहा है। खास बात यह है कि आपदा प्रबंधन या आपातकालीन सेवाओं से जुड़े पुलिसकर्मियों और सरकारी अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण बिना शुल्क लिए करवाया जाएगा। जबकि सामान्य अभ्यर्थियों के लिए 2 से 3 सप्ताह के कोर्स की अनुमानित फीस 20 से 30 हजार रुपये के बीच हो सकती है। पाठ्यक्रम में उद्योग से जुड़ाव, प्लेसमेंट सहयोग और युवाओं के लिए स्टार्टअप जैसे विषयों पर फोकस करते हुए तैयार होगा। महिलाओं और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार किए जाएंगे, ताकि समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके। इसमें प्रशिक्षित कर्मी 100 किलोमीटर तक ड्रोन उड़ाने और छह घंटे से अधिक समय तक संचालन करने में सक्षम होंगे। इससे पुलिस को संवेदनशील और टारगेटेड गतिविधियों पर आसमान से निगरानी रखने में मदद मिलेगी।

#### सुप्रीम कोर्ट में 19 फरवरी को सुनवाई

## भोपाल आदमपुर कचरा खंती केस में सीएस भी प्रतिवादी

भोपाल । भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में आग लगने के केस में अब मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन भी प्रतिवादी होंगे। इनके साथ 6 नए प्रतिवादी भी शामिल किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से जुड़ा है। पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर 16 मई-25 को सुनवाई हुई थी। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई थी। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दो दिन पहले मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु, पंचायती राज, आवास एवं शहरी विकास के सचिव, एमपी के मुख्य सचिव समेत 6 जिम्मेदारों को प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के आदेश दिए।

## PM ग्रामीण सड़कों के दिन बदलेंगे: TTN पैकेज से अब 20 साल पुरानी सड़कों का होगा मेंटनेंस



भोपाल

प्रदेशभर में अब पीएम ग्रामीण सड़कों के दिन बदलेंगे। टीटीएन पैकेज से अब बीस साल पुरानी सड़कों का संधारण किया जाएगा। इन सड़कों के रखरखाव और संधारण हेतु पांच वर्ष के संधारण के प्राक्कलन तैयार किए जाएंगे। जिन ग्रामीण सड़कों का संधारण किया जाना है उनमें तकनीकी रूप से आवश्यक उन सभी कार्यों को सम्मिलित किया जाएगा जो कि मार्ग से सुचारू एवं सुरक्षित आवागमन के लिए जरुरी है। रोड सेफ्टी के तहत आवश्यक आईटम पूर्व से नहीं कराया गया है तो उसे भी इसमें शामिल किया जाएगा। आपातकालीन स्थिति के कारण सड़क एवं क्रॉस ड्रेनेज में हुई क्षति जिसका पूर्व में सुधार नहीं कराया जा सका है, इस प्रकृति के कार्य भी आवश्यकतानुसार शामिल किए जा सकेंगे। रूटीन मेन्टेनेंस के काम इसमें शामिल नहीं होंगे। जो प्राक्कलन बनेंगे उनके लिए स्थल निरीक्षण करना आवश्यक होगा एवं स्थल की जरुरत के मुताबिक प्रावधान शामिल करना होगा ताकि विचलन की स्थिति निर्मित न हो, क्योंकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार आईआर में अधिकतम पच्चीस प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जा सकती है। इस काम में ऐसे काम प्रस्तावित नहीं होंगे जो पूर्व संधारण अनुबंध में संविदाकार के दायित्व में सम्मिलित थे। सभी कार्य एसएसआर आधारित माप योग्य कार्य होंगे। प्राक्कलन के साथ कार्य का आवश्यकता से संबंधित तकनीकी प्रतिवेदन और ड्राइंग डिजाईन संलग्न करना जरुरी होगा।

### सड़क किनारे लगेंगे बोर्ड

सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी मार्गों पर एक अतिरिक्त बोर्ड का प्रावधान किया जाएगा जिसमें केन्द्र, राज्य शासन की सड़क सुरक्षा राहवीर योजना संबंधी विवरण फोन अंकित करना होगा। मूल निर्माण के समय सीसी पेवेमेन्ट का वह भाग जो क्षतिग्रस्त है उसमें आईआरसी एसपी और आईआरसी एसपी के अनुसार संधारण और ओवरले का प्रावधान किया जा सकेगा। आबादी क्षेत्र विस्तार होंने अथवा घनी आबादी की स्थिति में भूमि की अनुपलब्धता एवं अन्य कारण से पानी निकासी की व्यवस्था समुचित न होंने पर नई सीसी मार्ग, नाली के निर्माण कार्य को इस भाग के प्राक्कलन में शामिल किया जा सकेगा।



## सॉफ्ट टॉयज मेकिंग ट्रेनिंग देकर महिलाओं को सशक्त बनाने में जुटा इंदौर प्रशासन

इंदौर । इंदौर जिले में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के साधन बढ़ाने की दिशा में इंदौर प्रशासन लगातार जुटा हुआ है। वृंदावन ग्राम योजना के बेहतर क्रियान्वयन के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में ग्राम रंगवासा की ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की 25 महिला सदस्यों को स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से सॉफ्ट टॉयज निर्माण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद समूह सदस्य सॉफ्ट टॉयज निर्माण में दक्ष होकर जिले में विकसित किए जा रहे टॉय क्लस्टर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। साथ ही वे विभिन्न प्रकार के खिलौनों का निर्माण एवं विपणन कर अपनी तथा अपने परिवार की आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी श्रेणी में शामिल करने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### पीपीवी एंड एफआर अधिनियम जागरूकता कार्यक्रम




प्रसं, भोपाल। जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में पौधा किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम पर आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण- सह -जागरूकता कार्यक्रम में परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. स्तुति शर्मा की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों, स्थानीय किस्मों के संरक्षण और पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देना था। डॉ. शर्मा ने वैज्ञानिकों और किसानों के बीच समन्वय स्थापित कर पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय बीजों के संरक्षण पर जोर दिया। उनके प्रयासों से विश्वविद्यालय ने प्रदेश में कृषक किस्मों के पंजीयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इस अवसर पर डॉ. रजनी तोमर, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. शिवरामकृष्णन, डॉ. राधेश्याम शर्मा, डॉ. विनोद गोयल, शिवा उपाध्याय, प्रशांत नामदेव और आयुषी सोनी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### मध्यप्रदेश के नवाचार को राजस्थान और ओडिशा भी अपनाएंगे

## PWD का सरप्राइज इंस्पेक्शन फार्मूला हिट, दो राज्यों ने बुलाई जानकारी

भोपाल



मध्य प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच लोक निर्माण विभाग ने औचक निरीक्षण व्यवस्था लागू की है। इससे अब निर्माण कार्यों की क्वालिटी में काफी सुधार आया है। मप्र का यह हिट फार्मूला दो राज्यों को भी पसंद आया है। राजस्थान और ओडिशा दोनों एमपी के इस नवाचार को लागू करने की तैयारी में जुट गए हैं। दोनों राज्यों ने मप्र लोक निर्माण विभाग से ऑनलाइन औचक निरीक्षण के तरीकों की जानकारी मांगी है। मध्य प्रदेश में निरीक्षण के ऑनलाइन तरीकों से सड़कों की गुणवत्ता में सुधार आया है।

### आखिरी वक्त में पता चलता है निरीक्षण का पता

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह कहते हैं कि निरीक्षण की व्यवस्था को पुख्ता करने और सही मायने में निरीक्षण करने के लिए विभाग में ऑनलाइन औचक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू की गई थी। औचक निरीक्षण महीने मे दो दिन 5 और 20 तारीख को किया जाता है। इसमें चीफ इंजीनियर से लेकर पूरा इंजीनियर विभाग औचक निरीक्षण करता है। औचक निरीक्षण मे एक दिन पहले तक किसी को पता नहीं होता कि किस अधिकारी को कहां निरीक्षण के लिए जाना है? विभाग ने औचक निरीक्षण के लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है। इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से उन्हें 24 घंटे पहले जानकारी मिलती है कि निरीक्षण किस जिले में करना है। जिले में पहुंचने पर ही उन्हें पता चलता है कि किन कामों का निरीक्षण करना है। निरीक्षण के दौरान लिए गए सैंपल की जानकारी लेकर उस पर क्यूआर कोड डाला जाता है और उसे सीधे लैब में भेजा जाता है। इससे किसी दूसरे को सैंपल की पहचान करना आसान नहीं होता।

### एक साल में 80 इंजीनियरों को नोटिस

निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता मे कमी पाए जाने पर पिछले एक साल में 80 इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और 7 को सस्पेंड किया गया। विभाग में इंजीनियरों की कमी का हवाला देकर कार्रवाई पर सवाल उठाए गए। हालांकि अभी गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर ही कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया है। पिछले दो सालों के दौरान 52 ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है जबकि 15 को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है।





**टी20 विश्वकप**

# महामुकाबला आज

## पांच महीने बाद फिर आमने-सामने भारत और पाकिस्तान, बारिश के हाई-लेवल चांस..

**कोलंबो। एजेंसी।**

**भारत और पाकिस्तान की टीमें पांच महीने बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने होंगी। यह टी20 विश्व कप का सबसे चर्चित मुकाबला होगा जिसे देखने के लिए दोनों देशों के क्रिकेट प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू-टर्न लेकर प्रेमादासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया। वैसे तो विश्व कप में भारत का पलड़ा पाकिस्तान पर भारी रहा है, लेकिन टी20 में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।**

टी20 वर्ल्ड कप में भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला शुरू से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बार की चर्चा खास तौर पर मैच होने-न-होने को लेकर बनी हुई थी। हाल ही में पाकिस्तान ने भारत से खेलने के लिए कई शर्तें भी रखी। कुल मिलाकर मैच कैंसल होने की बातें शुरू से ही हवा पकड़ रही थी। अब यह सबसे बड़ा हाई-वोल्टेज क्लैश रविवार को कोलंबो के आर। प्रेमदासा स्टेडियम में होना है, लेकिन अब इस मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मैच के दिन





घने बादल और बारिश की संभावना जताई जा रही है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक, कोलंबो की गर्म और ह्यूमिड कंडीशंस प्लेयर्स की स्टैमिना और डिसीजन मेकिंग की परीक्षा ले सकती है। आर। प्रेमदासा स्टेडियम की पिच शुरू में बल्लेबाजों को सपोर्ट करने के लिए जानी जाती है, लेकिन मैच जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, पिच स्लो हो जाती है। मिडिल ओवर्स में स्पिनर्स का राज देखने को मिल सकता है। ऐसे में पिच के बदलते व्यवहार के साथ एडजस्ट करना और मौसम के बदलावों से निपटना एक बड़ा चैलेंज बन सकता है।

### दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों की आलोचना सहना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जब विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। इस वैश्विक टूर्नामेंट में जब भी इन दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है तो पारा काफी चढ़ा रहता है। इस बार में कुछ ऐसा ही नजारा देखने की उम्मीद है। भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच जब मुकाबला होता है तो मैदान पर तापमान बढ़ जाता है। दोनों टीमों के खिलाड़ी भी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। वैसे तमाम समीकरणों, टीम संयोजन और कौशल से इतर यह मुकाबला जज्बात पर काबू पाने का है और बाहरी तथा भीतरी दबाव झेलने वाली टीम की विजयी रहेगी।

## भारत-पाक मैच से पहले अभिषेक शर्मा की फिटनेस पर संशय, टीम प्रबंधन मुश्किल फैसले के सामने

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाला भारत-पाकिस्तान मुकाबला एक बार फिर करो?ें दर्शकों की धड़कनें तेज करने वाला है। लेकिन टीम इंडिया के लिए चिंता की सबसे बड़ी वजह बने हुए हैं आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, जिनकी फिटनेस को लेकर संशय गहरा गया है। अभिषेक हाल ही में वायरल बुखार और पेट में संक्रमण से जूझते रहे, जिस कारण उन्हें कुछ दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा और वह नामीबिया के खिलाफ पिछला मुकाबला नहीं खेल सके।



टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अमेरिका के विरुद्ध गोल्डन डक पर आउट होने के बाद उनकी तबीयत और बिगड़ गई, जिससे टीम मैनेजमेंट सतर्क हो गया। अब कोलंबो में नेट सत्र के दौरान उनकी स्थिति का विस्तृत आकलन किया जा रहा है, जिसके बाद ही यह तय होगा कि पाकिस्तान के खिलाफ वह खेल पाएंगे या नहीं। टीम इंडिया के लिए यह फैसला बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुकाबला सिर्फ अंक तालिका ही नहीं बल्कि प्रतिष्ठा से भी जुड़ा हुआ है।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान एरोन फिंच ने अभिषेक को लेकर टीम इंडिया को सावधानी बरतने की सलाह दी है। फिंच के अनुसार भारत के पास शीर्ष क्रम में विकल्पों की कोई कमी नहीं है, जहां संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे बल्लेबाज अच्छी शुरुआत दिलाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि अगर अभिषेक पूरी तरह फिट नहीं हैं, तो जल्दबाजी में उन्हें प्लेइंग इलेवन में उतारने की जरूरत नहीं है। फिंच का स्पष्ट कहना है कि 卐टूर्नामेंट आप शुरुआती चरण में जीत नहीं सकते, लेकिन इसे शुरुआती गलतियों से हार जरूर सकते हैं, इसलिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सुपर-8 और नॉकआउट चरणों तक फिट रखना बेहद अहम है।

अब कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य कोच गौतम गंभीर के सामने बड़ा फैसला है क्या प्रतिष्ठा वाले मुकाबले में जोखिम लिया जाए या दीर्घकालिक रणनीति को प्राथमिकता दी जाए। अभिषेक टीम के साथ कोलंबो में मौजूद हैं और नेट्स में अभ्यास भी कर रहे हैं, जबकि उनके माता-पिता भी उन्हें समर्थन देने के लिए यहां पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद टीम प्रबंधन अंतिम फैसला मैच से ठीक पहले ही लेगा। अगर वह पूरी तरह फिट नहीं होते, तो संभव है कि भारत इस मुकाबले में उन्हें आराम देने का कठिन लेकिन समझदारी भरा फैसला करे।

## मोईन अली की बड़ी भविष्यवाणी- भारत-पाकिस्तान मैच में बुमराह और कुलदीप होंगे गेम चेंजर

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप को समर्पित 'मिस्टर क्रिकेट यूएई' पॉडकास्ट के दूसरे एपिसोड में इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर कई अहम भविष्यवाणियां कीं। मोईन ने साफ कहा कि भारत के लिए इस हाई-वोल्टेज मैच में सबसे बड़े मैच-विनर जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव होंगे। उन्होंने कोलंबो स्थित आर. प्रेमदाया स्टेडियम की पिच को स्पिनरों के लिए मददगार बताया, हालांकि उम्मीद जताई कि बड़े मुकाबले को देखते हुए एक संतुलित विकेट तैयार किया जा सकता है।



मोईन अली ने कहा कि बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। उनके अनुसार, सूर्यकुमार के पास मैच का रुख कुछ ही ओवरों में बदल देने की क्षमता है। वहीं गेंदबाजी में बुमराह और कुलदीप दोनों किसी भी परिस्थिति में मैच जीताने वाले खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान टीम संयोजन पर भी मोईन ने खुलकर राय रखते हुए कहा कि टीम को हर हाल में फखर जमान को शामिल करना चाहिए, चाहे इसके लिए बाबर आजम को बाहर ही क्यों न बैठना पड़े। गेंदबाजी में उन्होंने शाहीन अफरीदी और अबरार अहमद को भारत के लिए महत्वपूर्ण खतरा बताया, खासकर अबरार की विविधता भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ले सकती है।

मोईन अली ने अपने चार संभावित सेमीफाइनलिस्ट भी बताए भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और पाकिस्तान। इतना ही नहीं, उन्होंने फाइनल की संभावित भिड़ंत भारत बनाम पाकिस्तान के रूप में देखी। हालांकि मैच के नतीजे पर उन्होंने एक दिलचस्प बयान दिया- 卐आमतौर पर भारत पाकिस्तान को हरा देता है, लेकिन इस बार मेरा दिल कहता है कि पाकिस्तान जीत सकता है।

## टी20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड ने बनाया ओमान के खिलाफ सीजन का सबसे बड़ा स्कोर

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार को खेले गए ग्रुप-बी मुकाबले में आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ इतिहास रच दिया। ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय उसके लिए बेहद महंगा साबित हुआ। आयरलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। यह न सिर्फ आयरलैंड का टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर है, बल्कि मौजूदा सीजन का भी सर्वोच्च टोटल बन गया। टीम ने श्रीलंका द्वारा इसी सीजन में ओमान के खिलाफ बनाए गए 225 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर दर्ज कर लिया।



आयरलैंड की पारी में ताबड़तोड़ चौकों-छक्कों की बरसात देखने को मिली। आयरलैंड कप्तान ने रनगति को चरम पर पहुंचा दिया। उन्होंने 5 छक्के लगाए और आखिरी ओवर में छक्कों की हैट्रिक लगाकर ओमान के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। कप्तान लोर्कन टकर के नाम एक खास रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। वह टी20 वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिन्होंने 2010 में भारत के खिलाफ 98 रन बनाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर रोहित शर्मा हैं, जो 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन बना चुके हैं। आयरलैंड की यह ऐतिहासिक पारी अब टूर्नामेंट में नए मानक स्थापित कर चुकी है और टीम का आत्मविश्वास आसमान पर पहुंच गया है। अब देखना होगा कि यह शानदार प्रदर्शन उन्हें सुपर-8 में कितना आगे ले जाने में मदद करता है।

## अतीत में अपने व्यवहार की वजह से नुकसान उठाना पड़ा-ईशान किशन

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने नामीबिया के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई और अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने केवल 24 गेंदों में 61 रन बनाए, जिसमें जेजे स्मिट के एक ही ओवर में चार छक्के शामिल थे। भारत ने पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 86 रन बना लिए, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत का पावरप्ले में सर्वोच्च स्कोर साबित हुआ। अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में किशन की यह पारी और भी अहम रही। मुकाबले के बाद किशन ने अपने बदलावों और परिपक्वता पर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि अतीत में उनके व्यवहार की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन अब उन्होंने अपने रवैये और खेल पर पूरा ध्यान देना शुरू कर दिया है। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने आचरण में बदलाव किया और अब अधिकांश समय बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर फोकस करते हैं। किशन ने बताया कि वह केवल कुछ घंटे हल्के मूड में रहते हैं, बाकी समय पूरी निष्ठा से अपने खेल पर काम करते हैं। किशन ने यह भी बताया कि अब वह जल्दबाजी से बचने की कोशिश कर रहे हैं और एक-दो रन लेने पर उतना ही ध्यान देते हैं जितना बड़े शॉट खेलने पर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई बार खिलाड़ी उत्साह में गलत शॉट खेल बैठते हैं, लेकिन किशन खुद को शांत रखने और गेंद पर नजर जमाए रखने की रणनीति अपनाते हैं। इस पारी ने न सिर्फ किशन की टीम में अहम भूमिका को मजबूत किया, बल्कि भारतीय शीर्ष क्रम के लिए भी बड़ी राहत दी। उनकी बल्लेबाजी में आई परिपक्वता और विकेटकीपिंग में निरंतरता उन्हें टीम का भरोसेमंद सदस्य बनाती है। आगामी मुकाबलों में किशन की यह फॉर्म भारत के अभियान की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है और टीम को ग्रुप स्टेज में मजबूत स्थिति दिला सकती है।



## एम चिन्नास्वामी में अनिल कुंबले, राहुल द्रविड़ और शांता रंगास्वामी के नाम पर स्टैंड बने

नई दिल्ली। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम ने भारतीय क्रिकेट के तीन दिग्गजों को सम्मानित किया है। इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के गढ़ माने जाने वाले इस स्टेडियम में कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज खिलाड़ियों अनिल कुबले और राहुल द्रविड के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन किया। इस सम्मान के जरिए भारतीय और कर्नाटक क्रिकेट में उनके द्वारा किए गए असाधारण योगदान को याद किया गया।

अनिल कुंबले, जो टेस्ट और वनडे दोनों में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और जून 2016 से जून 2017 तक भारत के मुख्य कोच भी रह चुके हैं, ने कहा, 卐यह सिर्फ नाम का सम्मान नहीं है, बल्कि कर्नाटक क्रिकेट में हम सभी के योगदान को पहचानने का अवसर है। हमारे प्रयास आज के कर्नाटक क्रिकेट को आकार देने में अहम रहे हैं।卐 वहीं राहुल द्रविड़, टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे बड़े रन बनाने वाले बल्लेबाज और 2024 में भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीताने वाले कोच, इस मौके पर कुंबले के साथ मौजूद रहे। कुंबले ने यह भी खुशी जताई कि पूर्व महिला कप्तान शांता रंगास्वामी के नाम पर भी स्टैंड बनाए गए हैं। शांता रंगास्वामी भारतीय महिला क्रिकेट की पहली टेस्ट शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं और 1976 से 1991 तक 16 टेस्ट और 19 वनडे में 1,037 रन बनाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने एक शतक और सात अर्धशतक भी बनाए। पिछले अक्टूबर में उन्हें भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) का अध्यक्ष चुना गया था।

कुंबले ने कहा, इतने सारे दिग्गजों के नाम पर स्टैंड देखना और कुछ के साथ खेलने का सौभाग्य मिलना, जबकि कुछ ने मार्गदर्शन दिया, यह बेहद गर्व का पल है। यह स्टेडियम हमेशा हमारे योगदान की याद दिलाता रहेगा।卐 एम चिन्नास्वामी स्टेडियम अब न केवल आईपीएल के लिए बल्कि भारतीय क्रिकेट के इतिहास को सम्मान देने वाले स्मारक के रूप में भी उभरकर सामने आया है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अमेरिका के शैडली वैन शल्कविक का जलवा

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से ही रोमांच चरम पर है। इस बार यूएसए, नामीबिया और नेपाल जैसी टीमें लगातार चौंका रही हैं। इन्हीं टीमों में उभरा है एक ऐसा नाम जिसने टूर्नामेंट में अपनी धारदार गेंदबाज़ी से तहलका मचा दिया है अमेरिका के ऑलराउंडर शैडली वैन शल्कविक। 37 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल स्तर पर अनुभव भले ही सीमित हो, लेकिन उनके प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट का सबसे चर्चित गेंदबाज़ बना दिया है। तीन मैचों में 11 विकेट लेकर उन्होंने अपने नाम टी20 वर्ल्ड कप 2026 का अब तक का सर्वोच्च विकेट-टेकर होने का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिसमें दो बार चार-चार विकेट शामिल हैं। 6.45 की शानदार इकोनॉमी बताती है कि शैडली कितने प्रभावी रहे हैं। टूर्नामेंट में जहां जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे सुपरस्टार गेंदबाज़ मौजूद हैं, वहीं शैडली ने अपने कौशल से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत के खिलाफ उन्होंने अपना पहला मैच खेला और पावरप्ले में ही भारतीय शीर्षक्रम को ध्वस्त कर दिया। छठे ओवर में मात्र कुछ ही गेंदों में उन्होंने ईशान किशन, तिलक वर्मा और शिवम दुबे को आउट करके भारतीय बल्लेबाज़ी की रीढ़ तोड़ दी। शैडली ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 4 विकेट चटकाए और भारत के खिलाफ एक अविस्मरणीय स्पेल डाला। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ भी उनका कहर जारी रहा। इस मुकाबले में उन्होंने फिर 25 रन देकर 4 विकेट लिए और शादाब खान, सलमान आगा और सैम अयूब जैसे मुख्य बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजा।

## जिम्बाब्वे से हारने के बाद आसान नहीं ऑस्ट्रेलिया की राह

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का पहला बड़ा उलटफेर ग्रुप बी में देखने को मिला, जब जिम्बाब्वे ने पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर सबको चौंका दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने दो विकेट के नुकसान पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइन-अप केवल 146 रन पर ही ऑल आउट हो गई, जो 19.3 ओवर में पूरी हुई। इस अप्रत्याशित हार के बाद ग्रुप बी की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। सह-मेजबान श्रीलंका ने अपने दोनों मैच जीतकर चार पॉइंट और 3.12 के शानदार नेट रन रेट के साथ टॉप पर जगह बनाई है। जिम्बाब्वे भी दोनों मैच जीतकर 1.98 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर है। 2007 में भी जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर टूर्नामेंट में सनसनी फैलाई थी, और इस बार भी इतिहास दोहराया गया। तीसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के लिए अब सुपर-8 में जगह पक्की करना आसान नहीं रहेगा। दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ टीम का नेट रन रेट 1.10 है। सुपर-8 में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को अपने बाकी दो मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और उम्मीद करनी होगी कि जिम्बाब्वे या श्रीलंका को हार का सामना करना पड़े। ग्रुप की बाकी दो टीमें, आयरलैंड और ओमान, अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में हैं, जिससे ग्रुप बी के मुकाबले और रोमांचक बने हुए हैं। मैच की मुख्य स्टार जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट रहे, जिन्होंने नाबाद 64 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में रखा। गेंदबाजी में ब्लेसिंग मुजरबानी ने 17 रन देकर चार विकेट चटकाए, जबकि ब्रैड इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ने 44 गेंदों में 65 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। इस जीत ने जिम्बाब्वे को न केवल ग्रुप में मजबूती दी है, बल्कि टूर्नामेंट में रोमांच और अनिश्चितता को भी बढ़ा दिया है। अब सवाल यह है कि क्या ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकता है, या क्या वह अपने बाकी मुकाबलों में वापसी करेगा।

## पाक कप्तान ने बताया उस्मान तारिक को ट्रंप कार्ड

कोलंबो। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2026 का सबसे रोमांचक और हाई वोल्टेज मुकाबला रविवार को कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया मैच के लिए कोलंबो पहुंच चुकी है, वहीं पड़ोसी मुल्क की टीम भी अपनी तैयारियों में पूरी ताकत झोंक रही है। इस महामुकाबले से पहले पाकिस्तान द्वारा मैच को बॉयकॉट करने की चेतावनी और फिर खेलने के फैसले के बाद काफी विवाद खड़ा हुआ था, लेकिन अब नया मुद्दा स्पिनर उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन को लेकर उठ रहा है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा। भारत-पाक मैच से ठीक पहले पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने स्पिनर का मजबूती से बचाव किया। उन्होंने कहा कि टीम को उस्मान तारिक के एक्शन पर उठ रही चर्चाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि वह पहले ही दो बार जांच में पूरी तरह क्लियर हो चुके हैं। सलमान अली आगा ने उन्हें टीम का ट्रंप कार्ड बताते हुए कहा कि वह अकेले दम पर मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। कप्तान ने साफ शब्दों में कहा, 卐उस्मान तारिक हमारे लिए ट्रंप कार्ड हैं। उनके बॉलिंग एक्शन पर हो रही चर्चाओं की हमें कोई परवाह नहीं है। उनका एक्शन दो बार क्लीन चिट पा चुका है, इसलिए इस मुद्दे पर सवाल उठाना समझ से परे है।卐 कप्तान के इस बयान से साफ है कि पाकिस्तान टीम अपने स्पिनर पर काफी भरोसा जताती है और वे भारत के खिलाफ इस अहम मैच में उन पर बड़ी जिम्मेदारी डालने की तैयारी में हैं। दूसरी ओर, दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले पर टिकी हुई हैं।

## कड़े अभ्यास से बनी है मेरी फिटनेस-हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि वह काफी कठिन अभ्यास दौर से गुजरते हैं इसी कारण उनकी फिटनेस बनी है। वहीं अच्छे फार्म का राज ये है कि वह जब भी अवसर मिले बल्लेबाज करते हैं क्योंकि ये उन्हें पसंद है। पांड्या ने नामीबिया के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हार्दिक पांड्या ने कहा, ' मैं खेल का आनंद उठा रहा हूं। मेरे पास तैयारी के लिए जो समय था उसमें मैंने अच्छा अभ्यास किया। उसका अब परिणाम मिला है।' पांड्या ने कहा कि उन्हें बल्लेबाजी ज्यादा पसंद है। उन्होंने कहा, हां, एक ऑलराउंडर के तौर पर मैं हमेशा अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने का प्रयास करता हूं। साथ ही कहा कि उनका प्रयास ये रहता है कि वह गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाज में भी संतुलन बनाये रखें। मैं दोनों ही स्किल का सही से इस्तेमाल करना चाहता हूं। बल्लेबाजी हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। और जब भी कभी अवसर आता है मेरा प्रयास उसमें प्रदर्शन करना रहता है। पांड्या ने कहा कि कडें अनुशासन, मेहनत और समर्पण की वजह से उनकी बॉडी फिट है और सबसे बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार है।



उन्होंने कहा, मैंने हमेशा जिक्र किया है कि इसके पीछे बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। देश के लिए खेलना हमेशा गर्व की बात होती है और यही मेरी पहली प्राथमिकता रही है। इसके लिए आपको अतिरिक्त कड़ी मेहनती की जरूरत होती है जो मैं करता हूं। पर्दे के पीछे बहुत सारे काम चलते हैं जहां मैं आर्मी की तरह के कैंप में मॉर्निंग और इवनिंग सेशन करता हूं जिससे मैं तैयार रहता हूं। किसी बड़ी सीरीज या किसी बड़े टूर्नामेंट से पहले मैं खुद को उन रूटीन के हिसाब से महीने भर का समय देता हूं। सुनिश्चित करता हूं कि अच्छा खाऊं, अच्छी नींद लूं, सुनिश्चित करता हूं कि आदतें अच्छी रहे। इससे मुझे हमेशा एक शानदार लय मिलती है। और साथ-साथ मेरा शरीर भी खेलते वक्त मेरा अच्छे से साथ देता है।

## प्रमोद भगत ने रचा नया इतिहास, मनामा में जीता करियर का छठा विश्व खिताब

नई दिल्ली। भारत के स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने मनामा में आयोजित प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप में एक बार फिर कमाल करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। 37 वर्षीय भगत ने पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के फाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान को 21-12, 21-18 से हराकर लगातार चौथा और कुल छठा विश्व खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ वह पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए हैं। एसएल3 वर्ग में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता होती है। प्रमोद भगत पांच वर्ष की उम्र में पोलियो से प्रभावित हुए थे, लेकिन उन्होंने इस कमजोरी को अपनी ताकत में बदलकर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में पहले ही स्वर्ण जीत चुके भगत का यह नया खिताब उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है। यह जीत इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि प्रमोद हाल ही में डोपिंग रोधी नियमों के 'वेयरअबाउट्स' उल्लंघन के कारण 18 महीने के निलंबन से लौटे हैं। इस निलंबन की वजह से वह 2024 पेरिस पैरालंपिक में हिस्सा नहीं ले पाए थे, लेकिन वापसी के बाद उन्होंने साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियाँ भी उनके जज्बे को कमजोर नहीं कर सकतीं।



# महाशिवरात्रि पर्व

15 फरवरी 2026

# विक्रमोत्सव 2026

भारत वर्ष के नव जागरण और विकास की सतत यात्रा

15 फरवरी से 19 मार्च 2026
विक्रम सम्वत् 2082-83 • उज्जैन



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# महादेव पर्व

## भगवान शिव की आराधना

### प्रदेश के प्रमुख स्थानों पर आयोजित गतिविधियाँ



**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

- बटेश्वर हिंदू मंदिर- बटेश्वर (मुरैना)
- जुगलकिशोर मंदिर-पन्ना
- प्राचीन शिव मंदिर-देवतालाब (मऊगंज)
- पशुपतिनाथ मंदिर-मंदसौर
- कुण्डेश्वर धाम-टीकमगढ़
- कोटेश्वर महादेव-लांजी (बालाघाट)
- नीलकण्ठेश्वर मंदिर-उदयपुरा (विदिशा)
- चौदह महादेव-नरवर (शिवपुरी)
- जागेश्वरनाथ धाम मंदिर-बांदकपुर (दमोह)
- नागर घाट-ओंकारेश्वर (खण्डवा)
- जटाशंकर मंदिर-बागली (देवास)
- सहस्त्रमुखेश्वर महादेव मंदिर-कुकड़ेश्वर (नीमच)
- शिवमंदिर प्रांगण-भोजपुर (रायसेन)
- नोहलेश्वर मंदिर-नोहटा (दमोह)
- रानिदहार-पचमढ़ी (नर्मदापुरम )
- चंद्र सागर-तालाब बड़ोदा (श्योपुर)
- बटियागढ़-सागर
- देवतालाब-सागर
- शिव मंदिर-अमरकंटक
- बांद्राभान-नर्मदापुरम/सीहोर
- ककरा घाट-गाडरवारा
- बाबई -नर्मदापुरम
- उदयेश्वर-विदिशा
- सारंगपुर-राजगढ़
- बनग्राम भोपाली-घोड़ाडोंगरी (बैतूल)
- तराना-उज्जैन
- पुंजापुरा-सागर
- किलेश्वर महादेव मंदिर-नीमच
- ओंकारेश्वर, मांधाता (खंडवा)
- बहारोघाट-गुना
- शाहगढ़-सागर
- खजुराहो-छतरपुर
- शिव मंदिर-रीवा
- पाली शिव मंदिर -सागर
- सोनादहार घाट-नरसिंहपुर
- भुवन-छिंदवाड़ा
- पीतांबरा पीठ-दतिया
- मासेर-ग्यारसपुर(विदिशा)
- भौंरासा -देवास
- खंडलाई-धार
- शिव बाबा का मेला-सत्तापुर
- देवली पहाड़ी-मोरुखेदी (शाजापुर)
- सोमेश्वर-रायसेन
- शिव मंदिर-भिण्ड
- पथरिया-सागर
- रीवा किला-रीवा
- बीरसिंहपुर-सेमरिया (सतना)
- बरमान-नरसिंहपुर
- कोटेश्वर-ग्वालियर
- खिलचीपुर-राजगढ़
- महिदपुर-उज्जैन
- बिजावली-देवास
- चांदवासा-मंदसौर
- देव गुरडीया-इंदौर
- मुल्थान-धार
- शिव मंदिर-धार
- अंजड-बड़वानी

आयोजक-संयोजन : संस्कृति संचालनालय, भोपाल

## विक्रमोत्सव 2026 के आकर्षक कार्यक्रम



**विक्रमोत्सव शुभारंभ**, **शिवोऽहम-** प्रीतम, मुम्बई की प्रस्तुति, **शिवनाद** -शंख एवं डमरू वादन, कलश यात्रा, **विक्रम व्यापार मेला**, **प्रदर्शनियाँ** (• विक्रमादित्य और अयोध्या • आर्ष भारत • महाभारत कालीन अस्त्र-शस्त्र चक्रव्यूह- पताकाएँ- शंख • 84 महादेव • जनजातीय देवलोक का संयोजन), **विक्रम नाट्य समारोह**, अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम, **पुतुल समारोह**, अंतराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी **विक्रमादित्य का न्याय** (वैचारिक समागम) **लोकरंजन** (बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन), **नारी शक्ति** - कवयित्री सम्मेलन **अनहद** (संगीत का उद्भव एवं विकास: वैचारिक समागम), अंतराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, **शिव पुराण** ( शिव पुराण आख्यान के चित्रांकन की प्रदर्शनी, शैव परंपरा की कलाओं की प्रस्तुतियाँ ) **अंतरराष्ट्रीय पौराणिक फिल्म महोत्सव**, भारतीय विज्ञान शोध संगोष्ठी **ज्योतिष सम्मलेन**, **वेद अंताक्षरी**, कोटि सूर्योपासना, **अखिल भारतीय कवि सम्मेलन**, सम्पूर्ण मध्यपदेश में विक्रमोत्सव का आयोजन सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, उज्जयिनी गौरव दिवस, **सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण**, प्रकाशन लोकार्पण **महादेव नदी कथा** (नृत्य नाट्य प्रस्तुति) सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक **विशाल मिश्रा**, मुम्बई, भव्य आतिशबाजी **ड्रोन शो**



**महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ**
संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित
सहभागिता/संयोजन: धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला प्रशासन

D11205/25

आप सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश नि:शुल्क

# जिला अस्पताल खुद 'बीमार' हुआ, बदइंतजामी से परेशान 10 प्रसूताऐं बिना प्रसव कराये चली गयीं!!

## शहीद भगत सिंह शासकीय चिकित्सालय के प्रसूति विभाग में अंतहीन अव्यवस्था

*सिटी रिपोर्टर।*
*पद्मेश न्यूज। बालाघाट।*

***जिला मुख्यालय स्थित शहीद भगत सिंह शासकीय चिकित्सालय के प्रसूति विभाग की अव्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार बीते दो दिनों के भीतर 10 गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराए बिना ही अस्पताल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं पिछले छह माह में लगभग एक सैकड़ा महिलाएं प्रसव के लिए भर्ती होने के बाद बिना प्रसव कराए ही अस्पताल से चली गईं और नगर के निजी अस्पतालों में जाकर प्रसव कराया।***




### सरकारी योजनाओं का लाभ- लेकिन सुविधाओं का अभाव

*मध्य प्रदेश शासन द्वारा शासकीय अस्पतालों में प्रसव कराने वाली महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता, नि:शुल्क उपचार, दवाइयाँ और अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। इसके बावजूद जिला अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती होने वाली महिलाओं को प्रसव से पहले ही अस्पताल छोड़ना पड़ रहा है।सूत्रों के अनुसार, प्रसूति विभाग में समय पर समुचित उपचार, आवश्यक जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता और स्पष्ट चिकित्सकीय सलाह का अभाव देखा जा रहा है। कई परिजनों का आरोप है कि प्रसव पीड़ा बढ़ने के बावजूद समय पर ध्यान नहीं दिया जाता।जिससे मरीज और उनके परिजन घबराकर निजी अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हो जाते हैं।*

### निजी अस्पतालों में महंगा प्रसव

*जिला अस्पताल छोड़ने के बाद यही महिलाएं नगर के निजी अस्पतालों में 30 से 35 हजार रुपये तक खर्च कर प्रसव कराने को मजबूर हो रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह राशि बड़ी चुनौती साबित हो रही है। सवाल यह है कि जब सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क और सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था का दावा किया जाता है।तो फिर महिलाएं वहां से क्यों पलायन कर रही हैं?*

### वर्षों से बनी हुई है समस्या

*स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रसूति विभाग में अव्यवस्था कोई नई बात नहीं है। पिछले कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। लेकिन ठोस सुधारात्मक कदम नजर नहीं आ रहे। यदि हालात ऐसे ही बने रहे तो शासन की जननी सुरक्षा एवं मातृ स्वास्थ्य योजनाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।*

### अस्पताल प्रबंधन जिम्मेदार

*स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रसूति जैसे संवेदनशील विभाग में लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। जरूरत है कि अस्पताल प्रशासन तत्काल समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करे और प्रसूता महिलाओं को भरोसेमंद व सुरक्षित वातावरण प्रदान करे।अब देखना यह है कि जिला अस्पताल प्रबंधन इन लगातार उठ रहे सवालों का क्या जवाब देता है और व्यवस्था सुधारने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते है।*

**बीती रात ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल पर मारपीट करने का आरोप**

# रिपोर्ट कराने ग्रामीण थाना पहुंचे युवक को थाना प्रभारी ने पीटा, फिर अस्पताल लाकर भर्ती किया

**सिटी रिपोर्टर।**
**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

नवेगांव ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के विरुद्ध एक व्यक्ति ने थाने के अंदर मारपीट करने का आरोप लगाया। 13 फरवरी की रात 9:30 बजे करीब ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल द्वारा झूठी रिपोर्ट लिखवाने का आरोप लगाते हुए की गई मारपीट में घायल व्यक्ति जितेंद्र पिता राजाराम पटले 40 वर्ष ग्राम गोंगलई थाना ग्रामीण निवासी है जिसे ग्रामीण थाने की ही पुलिस द्वारा ही जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र पटले रेलवे विभाग में कर्मचारी है। गर्रा रेलवे फाटक में गेट कीपर के पद पर पदस्थ है। जितेंद्र पटले के बड़े भाई धनलाल पटले और योगेश नगपुरे ग्राम कोसमी निवासी के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 13 फरवरी की रात 8 बजे ग्रामीण थाना के ग्राम कोसमी पीपल चौक में जितेंद्र पटले के बड़े भाई धनलाल पटले और योगेश नगपुरे के बीच खेत की भूमि को लेकर विवाद हो रहा था। योगेश नगपुरे ने अपने साथी कमलेश सूर्यवंशी के साथ धनलाल पटले से मारपीट की गई और चाकू मारने की कोशिश की गई थी। तभी धनलाल पटले ने अपने भाई जितेंद्र पटले को फोन किया और बुलाया और जितेंद्र पटले पीपल चौक कोसमी पहुंचे थे और विवाद को शांत करवाया। इसके बाद जितेंद्र पटले अपने भाई धनलाल पटले के साथ रिपोर्ट करने के लिए ग्रामीण थाना पहुंचे थे। ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने उनकी रिपोर्ट न लिखते हुए जितेंद्र पटले और उसके भाई धनलाल पटले को थाने में बैठा लिए। उसी समय योगेश नगपुरे ग्रामीण थाना पहुंच गया था। थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने योगेश नगपुरे के सामने थाने में जितेंद्र पटले उसके भाई धनलाल पटले पर झूठी रिपोर्ट लिखवाने का आरोप लगाते हुए। दोनों भाई को मारपीट कर दिए। जबड़े में चोट लगने लगने से जितेंद्र पटले थाने में गिर गया और बेहोश हो गये थे। मारपीट में घायल जितेंद्र पटले को रात्रि में थाना प्रभारी अमित अग्रवाल द्वारा ही जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया। ग्रामीण थाना में हुई इस घटना के दौरान जितेंद्र पतले के भतीजे अष्टय पटले सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। जिला अस्पताल पुलिस ने अष्टय पटले का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण भिजवा दी है।

### थाने के अंदर मुझेऔर मेरे भाई को टी आई अमित अग्रवाल ने मारपीट किया गया-जितेंद्र पटले

जिला अस्पताल में भर्ती जितेंद्र पटले ने बताया कि कोसमी में योगेश नगपुरे और कमलेश सूर्यवंशी के द्वारा मेरे भाई को चाकू से मारने की कोशिश की गई थी। जिसके खिलाफ एफआईआर करवाने ग्रामीण थाना पहुंचे



थे। जहां पर टी आई अमित अग्रवाल द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखी गई और दोनो भाई को बैठाल कर रखा गया और योगेश नगपुरे को बुलाया गया था ।उसके सामने मुझे और मेरे भाई को मारपीट किया गया। मुझे जबड़े में चोट लगी मैं बेहोश हो गया था। उसके बाद मेरी मम्मी और दीदी को भी मारपीट किया गया। इस घटना को थाने में लगे कैमरों ने भी रिकॉर्ड हो गया है। मुझे टी आई अमित अग्रवाल ने ही जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये है।

### जितेंद्र पटले के साथ मारपीट नहीं की गई, आरोप गलत है-अमित अग्रवाल थाना प्रभारी ग्रामीण

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने जितेंद्र पटले द्वारा मारपीट करने के लगाए गए आरोप को गलत बताया। उन्होंने पद्मेश न्यूज़ को दूरभाष पर बताएं जितेंद्र पटले के साथ किसी भी प्रकार के मारपीट नही की गई है। उसके विरुद्ध मारपीट के 8 अपराध दर्ज है और वह झूठी शिकायत करने का आदि है। कल रात वह अपने भाई धनलाल पटले के साथ योगेश नगपुरे के विरुद्ध रिपोर्ट लिखवाने थाने के आया था। दूसरे पक्ष को भी तत्काल थाने बुलाकर पूछताछ की गई। किंतु जितेंद्र पटले की शिकायत झूठी पाई गई। उसके साथ किसी भी प्रकार की मारपीट नहीं की गई।

# बैनगंगा नदी के जागपुर घाट में युवक ने खाया चूहा मार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर समीप वैनगंगा नदी के जागपुर घाट में एक युवक ने अपने दोस्तों को एक पत्र लिखने के बाद चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया। यह युवक रोहित पिता अनिल कर्राहे ग्राम ठेमा थाना बहेला निवासी है। जिसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार रोहित दो भाई मैं बड़ा है और वह बालाघाट में किराए से रहकर सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में पढ़ाई कर रहा है। पढ़ाई के साथ-साथ रोहित एक यात्री बस में हेल्परी का भी काम करता हैऔर उसके माता-पिता गांव में खेती किसानी करते हैं। बताया गया कि 14 फरवरी को 11:00 बजे रोहित बैग लेकर बैनगंगा नदी के जागपुर घाट पहुंचा और अपने दोस्तों को एक भावनात्मक लेटर लिखने के बाद उसने चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया। चूहामार दवाई का सेवन करने के बाद हालत बिगड़ने पर रोहित ने अपने दोस्त समीर मरावी को फोन करके बताया कि उसने जागपुर घाट में चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया है। यह सुनते ही समीर मरावी तत्काल मोटरसाइकिल से बैनगंगा नदी के जागपुर घाट पहुंचा जहां पर अनिल अचेत अवस्था में था। समीर मरावी ने तुरंत 108 एंबुलेंस को फोन किया और रोहित को बड़े मुश्किल से मोटरसाइकिल में बिठाकर पॉलिटेक्निक कॉलेज तक लाया। वहा पर 108 एंबुलेंस पहुंची और 108 एंबुलेंस से रोहित को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने रोहित बोलने की स्थिति में नहीं होने के कारण उसके दोस्त समीर मरावी का बयान लिया है। रोहित ने किस वजह से चूहा मार दवाई का सेवन किया अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है होश आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस युवक का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।



# वैनगंगा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुई छापामार कार्रवाई में 6 ट्रैक्टर जब्त

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्राम बटरमारा स्थित वैनगंगा नदी से रेत के अवैध खनन की सूचना प्राप्त होने पर खनिज विभाग की टीम 14 फरवरी 2026 को प्रात: 6 बजे ही मौके पर पहुंच गई और छापामार कार्रवाई की। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में की गई इस कार्यवाही के दौरान मौके पर 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए गए। जिस पर रेत का अवैध खनन कर रहे वाहनों को जब्त किया गया है । इनमें ट्रैक्टर वाहन क्रमांक MP50-AA-2842, वाहन क्रमांक MP50-7-2723, महिंद्रा ट्रैक्टर (बिना नंबर), चेचिस नंबर MBNSFALWELZMQ1748, वाहन क्रमांक MP50-AA-5946, वाहन क्रमांक MP50-A-3621 एवं वाहन क्रमांक MP50-A-8849 शामिल हैं। इन सभी जब्त वाहनों को कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) की अभिरक्षा में रखा गया है।उल्लेखनीय है कि संबंधित व्यक्तियों का उक्त कृत्य मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 3 का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# रसोई गैस में खाना बनाने पर बड़े भाई ने की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम देवरी में रसोई गैस से खाना बनाने को लेकर एक व्यक्ति को उसके बड़े भाई ने मारपीट कर दिया और पुन: घर आकर रसोई गैस में खाना बनाने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। हट्टा पुलिस ने इस मामले में इस व्यक्ति के बड़े भाई ताराचंद मोदेकर के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गेश मोदेकर अपने परिवार के साथ मजदूरी करता है। जिसका बड़ा भाई ताराचंद पड़ोस में ही अपने परिवार के साथ अलग मकान में रहता है। बताया गया कि दुर्गेश के घर की रसोई गैस खत्म होने पर वह अपने बड़े भाई ताराचंद के घर जाकर उनके रसोई गैस में खाना बनाकर लाया करता था। 13 फरवरी को भी दुर्गेश ने अपने बड़े भाई के घर जाकर उनके रसोई गैस में खाना बनाकर अपने घर लाया था। रात 9:30 बजे दुर्गेश अपने घर के पीछे आंगन में खाना खाने के लिए बैठा ही था। तभी ताराचंद आया और दुर्गेश को गालियां देते हुए बोला कि गैस क्यों नहीं खरीदता, मेरे घर आकर खाना बनाते रहता है। तब दुर्गेश ने बड़े भाई को बोला कि मैं गैस खरीद लूंगा। रसोई गैस में खाना बनाने को लेकर ताराचंद अपने छोटे भाई दुर्गेश को अश्लील गालियां देने लगा ,दुर्गेश ने उन्हें गाली देने से मना किया ।तभी ताराचंद ने आवेश आकर पास में रखे कुकर का हैंडल तोड़कर दुर्गेश के सिर में मारा जिससे दुर्गेश का सिर फट गया और खून निकलने लगा था। दुर्गेश के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी शीतल और मां भागरता दौड़ी और बीच बचाव करने लगी। तभी ताराचंद ने वहा से जाते समय दुर्गेश को पुन: घर में आकर रसोई गैस में खाना बनाने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। हट्टा पुलिस ने दुर्गेश मोदेकर 32 वर्ष ग्राम देवी निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके बड़े भाई ताराचंद मोदेकर के विरुद्ध अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है जांच की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना अंतर्गत गोंदिया रोड नेतरा चौक में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल व्यक्ति विश्वनाथ पिता दशा राम मेश्राम 30 वर्ष ग्राम मोहगांव थाना हट्टा निवासी है। जिसे जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वनाथ मेश्राम मजदूरी करता है 14 फरवरी को 11:00 बजे करीब विश्वनाथ मेश्राम मोटरसाइकिल में अपने गांव मोहगांव से बालाघाट आ रहा था। तभी गोंदिया रोड ग्राम नवेगांव में नेतरा चौक की गोलाई में सामने तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने विश्वनाथ मेश्राम की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी ।इस जबरदस्त सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार विश्वनाथ मेश्राम गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया। जिसे तुरंत ही जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया ।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट